वर्ष- 22 अंक - 135 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026



चार बच्चों सहित दो बहनें कुएं में कूदीं, सभी की मौत

शिवपुरी में कुछ घंटे में खत्म हुए दो परिवार

शिवपुरी.एजेंसी। शिवपुरी जिले के बैराड़ थाना क्षेत्र के गूंगरगांव में सीता रावत नाम की महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी। सीता और उसके तीनों बच्चों राखी (14), प्रियंका (11) और बेटे श्लोक (6) की मौत हो गई। इस घटना से कुछ घंटे पहले छोटी बहन ने भी अपने बेटे के साथ जान दे दी थी। इस तरह कुछ ही घंटे में दो बहनों के परिवार खत्म हो गए। पति के गुजरने से छोटी बहन तनाव में थी।

एक ही परिवार के तीन लोगों की लाश फंदे से लटकी मिली

वडोदरा.एजेंसी। गुजरात के वडोदरा में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की लाश फंदे से लटकी मिलने से हड़कंप मच गया। यहां सोनी परिवार की 47 वर्षीय महिला आरती सोनी, उनके 24 वर्षीय बेटे नीलकंठ सोनी और 27 वर्षीय बेटी जेनी सोनी ने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

फ्लैश...

- अमेरिका में एक प्लेन को हाईजैक कर क्रैश करने की धमकी के बाद विमान को वापस लौटना पड़ा। बाद में पता चला कि आरोपी ने मजाक-मजाक में यह मैसेज भेजा था।
- टाइगर श्रॉफ ने कहा कि हमले से पहले उन्हें धमकी नहीं मिली थी। यह भी खुलासा हुआ कि आरोपियों ने अमृतसर से 2.5 लाख में पिस्टल खरीदी थी।
- भोजशाला मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। मुस्लिम पक्ष ने इंदौर पीठ के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती है।











माहेश्वरी समाजजनों के लिए अन्नकूट की तैयारी

कल शाम होगी भोज के साथ बड़ी बैठक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष रीतेश राठी ने बताया कि श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में पूरे इन्दौर शहर में निवासरत माहेश्वरी समाजजनों के लिए 15 नवम्बर को अन्नकूट महोत्सव का बडा आयोजन किया जाना है। यह अन्नकूट बैकुण्ठवासी कमलकिशोर लड्ढा की इच्छानुसार करने का निर्णय लिया गया है। इस बडे आयोजन के लिए कल शाम 7:30 बजे ताराकुंज गार्डन स्कीम नंबर 71में बडी बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में आने वाले माहेश्वरी समाजजनों के लिए कल भी भोज का आयोजन रखा गया है।































नगर निगम में अब सिक्योरिटी गार्ड ठेका घोटाला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

2014 में 1 साल के लिए दिए गए ठेके को 12 साल तक बढ़ाया - चौकसे
ठेका केवल प्राणी संग्रहालय के लिए हुआ और सुरक्षा कर्मी निगम के हर विभाग हेतु लिए

शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने इंदौर नगर निगम के नए घोटाले को उजागर किया है। निगम के द्वारा वर्ष 2014 में प्राणी संग्रहालय में सिक्योरिटी गार्ड रखने के लिए टेंडर निकालकर कंपनी को 1 साल का ठेका दिया गया था। इस ठेके के आधार पर 12 साल तक इसी कंपनी से सिक्योरिटी गार्ड पूरे इंदौर नगर निगम के लिए ड्यूटी पर लगाए जा रहे हैं।

आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए चौकसे ने दस्तावेजों के साथ इस घोटाले को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि निगम के द्वारा वर्ष 2014 में टेंडर जारी करते हुए सुरक्षा गार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर आदि का मेन पावर उपलब्ध कराने के लिए आशापुरी सिक्योरिटी सर्विस शेखर रेजिडेंसी स्कीम नंबर 54 विजय नगर को ठेका दिया था। यह ठेका 1 वर्ष के लिए था। इस ठेके की अवधि 2015 में पूरी हो जाने के बावजूद इसी कंपनी के माध्यम से 12 साल से यह मैनपॉवर हासिल किया जा रहा है। वर्ष 2016 में जिंसी स्थित टकसाल में नगर निगम की नई वर्कशॉप की सुरक्षा के लिए भी तत्कालीन आयुक्त के द्वारा इसी कंपनी के इस टेंडर के आधार पर कंपनी से मेन पावर लेने का फैसला लिया गया था। वर्ष 2016 में तत्कालीन आयुक्त के द्वारा इसी कंपनी से मेन पावर लेने के लिए जो स्वीकृति दी गई थी उसी को आधार बनाकर नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा 2026 तक इसी कंपनी से मेंन पावर प्राप्त किया जा रहा है और कंपनी को भुगतान किया जा रहा है।

चौकसे ने कहा कि इस अवधि में इंदौर नगर निगम में अपर आयुक्त रहे रोहन सक्सेना, वीरभद्र शर्मा, संदीप सोनी, रजनीश कसेरा, एस कृष्ण चैतन्य, ऋषभ गुप्ता, मनोज कुमार चौरसिया, देवघर दरवई और रोहित सिसोनिया ने इस मामले में विधि सम्मत कार्रवाई नहीं करते हुए आंख मींचकर कंपनी को फायदा पहुंचाने में सहभागिता की। इस पूरे खेल में प्राणी संग्रहालय के प्रभारी डॉ उत्तम यादव के साथ अन्य पदों पर रहे लोकेंद्र सिंह सोलंकी, राम गुप्ता, हिमांशु सिंह, सुमित अस्थाना, मनीष पांडे, प्रकाश नागर, लता अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह सिसोदिया, आशुतोष यादव और कमलेश त्रिवेदी भी शामिल रहे। इस पूरी अवधि के दौरान केवल एक बार अपर आयुक्त मनोज कुमार पाठक के द्वारा नए सिरे से टेंडर कर एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया करने की नोटशीट लिखी गई लेकिन उस पर भी अमल नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि नगर निगम के द्वारा इस एजेंसी को 2016 से लेकर 2026 तक 6 करोड रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। नियम के अनुसार इस कंपनी को जो काम दिया गया था और जितनी अवधि के लिए दिया गया था उसमें इसका भुगतान 28.35 लाख रुपए का होता है। इस एजेंसी के द्वारा निगम के विभिन्न विभागों और जोनल कार्यालय में मांग के अनुसार मेन पावर उपलब्ध कराने के साथ ही निगम के इवेंट कार्यक्रम में भी मेन पावर दिया जा रहा है। इस एजेंसी के संचालक देवेंद्र सिंह चौहान है।

चौकसे ने कहा कि निगम के द्वारा महापौर परिषद के संकल्प क्रमांक 274 दिनांक 13 अगस्त 2014 के द्वारा इस कार्य की मंजूरी दी गई। इस संकल्प में सुरक्षा गार्ड 5270 प्रति माह, गनमेन 5550 रुपए प्रति माह और सुपरवाइजर 5550 रुपए प्रति माह के मान से मंजूरी दी गई। इस मामले में गड़बड़ी की शुरुआत तो उसी समय हो गई थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के फैसले पर एजेंसी के साथ अनुबंध 25 अगस्त 2016 को किया गया। इस अनुबंध में केवल प्राणी संग्रहालय में कर्मचारी उपलब्ध कराने का ब्यौरा दिया गया है। इस 25 अगस्त के अनुबंध में कहा गया है कि प्राणी संग्रहालय में कम से कम 30 सुरक्षा गार्ड, चार गन मेन और दो सुपरवाइजर होना आवश्यक होगा। रात्रि काल में प्रत्येक शिफ्ट में दो गनमैन भी रखा जाना होगा। गनमैन के लिए गन और कारतूस की व्यवस्था तथा उसका लाइसेंस होना भी जरूरी है। इन सभी की यह जिम्मेदारी होगी कि प्राणी संग्रहालय में निर्धारित शर्तों और नियमों का पालन इन्हें करवाना होगा। किसी भी स्थिति में प्राणियों के द्वारा जन सामान्य को नुकसान पहुंचाने अथवा दर्शकों के द्वारा प्राणियों को छेड़खानी कर नुकसान पहुंचाने की स्थिति पाई जाने पर उसका उत्तरदायित्व उक्त सुरक्षा गार्ड का होगा। चौकसे ने बताया कि इस एग्रीमेंट की शर्त क्रमांक 39 में लिखा गया है कि इस निविदा की वैधता 180 दिवस की होगी। अब आश्चर्य है कि 180 दिवस के टेंडर को 12 साल तक निरंतर रखा जा रहा है। इस मामले की गड़बड़ियों को लेकर अब कांग्रेस के द्वारा लोकायुक्त पुलिस में शिकायत कर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की पहल की जाएगी।

इन्द्रेश कुमार की कथा 50 मिनट में हुई खत्म

आज करवाचौथ पर लौटना था वृंदावन, रोज शाम को कर रहे थे कथा, आज सुबह भी की

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्टार चौराहा पर कथावचक इन्द्रेशकुमार के श्रीमुख से कथा का आयोजन किया गया। 6 दिनों तक कथा रोजाना शाम को चार बजे से शुरू होना थी, यह कथा भी रोजाना देरी से शुरू हुई और देरी तक चलती रही। आज सातवें दिन कथा सुविधा के अनुसार सुबह आयोजित की गई क्योंकि इन्द्रेशकुमार को करवाचौथ के लिए वृंदावन पहुंचना था। इसलिए कल कथा का एक अध्याय देरी तक चला और आज सुबह कथा का समय 8 बजे का दिया था, करीब 8.17 बजे कथा शुरू हुई और 9 बजे कथा समाप्त हो गई और चार्टर प्लेन से इन्द्रेशकुमार वृंदावन रवाना हो गए। सूत्रों का कहना है कि इस कथा के दौरान भी कई जगह यजमान बनकर इन्द्रेशकुमार पहुंचे थे, जिनमें पीथमपुर और अहमदाबाद की यात्रा भी वे कर आए थे। आज सुबह कई कथा सुनने के श्रद्धालु देरी से पहुंचे तो पता पड़ा कि 50 मिनट की कथा भी हो गई। कथावाचक वृंदावन के लिए रवाना भी हो गए, कई श्रद्धालु निराश भी हुए, अब यही गोयल परिवार अगले वर्ष रामकथा का आयोजन इन्द्रेशकुमार के श्रीमुख से कराएंगे।

दिग्गजों की मौजूदगी में कांग्रेस की भीड़ के साथ बैठक

अपने-अपने साधनों से निकलना होगा पदाधिकारियों को दिल्ली, महिलाओं को वाहन उपलब्ध कराएगी प्रदेश कांग्रेस, व्यवस्था के लिए चिन्टू चौकसे पीछे खड़े रहे





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस ने 1 नवम्बर दिल्ली में होने वाले आन्दोलन को लेकर दिग्गजों के साथ कल बैठक की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पर्यवेक्षक मोहम्मद आरिफ खान, सहप्रभारी उषा नायडू, बाला बच्चन, शोभा ओझा की मौजूदगी में यह बैठक हुई। वरिष्ठ नेताओं ने उद्बोधन भी दिए। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लॉक, मंडलम अध्यक्ष को हर हाल में अपने-अपने साधन और साथियों के साथ दिल्ली 31 अक्टूबर को निकलना होगा और 1 नवम्बर को दिल्ली के आयोजन में मौजूद रहना होगा। पटवारी ने यह भी कहा कि महिला पदाधिकारी को दिल्ली जाना है तो उनके लिए पीसीसी वाहन उपलब्ध कराएगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे वरिष्ठ नेताओं के साथ नहीं बैठे बल्कि सबसे पीछे खड़े रहे और खचाखच भरे हॉल की व्यवस्था और कांग्रेसियों को अनुशासित रखते रहे। बैठने की जगह कम पड़ गई थी, कई कांग्रेसी खड़े रहे। आगे की व्यवस्था संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल संभालते रहे।



कांग्रेस पर्यवेक्षक को मुम्बई में अच्छे-अच्छे डॉन धोक देते हैं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गांधी भवन की मीटिंग में प्रदेश कांग्रेस पर्यवेक्षक मोहम्मद आरिफ खान के लिए कहा कि यह मुम्बई में प्रभाव रखते हैं और इनको मुम्बई के अच्छे-अच्छे डॉन धोक देते हैं, मुम्बई में इनका वजन है, लेकिन यह कांग्रेस के प्रति समर्पित है, यह साधारण रूप से जीवन जीते हैं।

महापौर और परिषद अपनी बनाना है तो सबको लड़ना होगा

जीतू पटवारी ने मौजूद कांग्रेसियों से कहा कि इंदौर में अपना महापौर और अपनी परिषद बनाना है तो सबको ताकत से लड़ना होगा। छात्रों की गूंज में आप सबने इंदौर का नाम किया। भाजपा के भोपाल और दिल्ली नेताओं की आंखें आ गई थी। पटवारी ने भागीरथपुरा दूषित जल का मुद्दा भी उठाया। कांग्रेसियों में जोश भी भरा।

पटवारी ने कहा मुख्यमंत्री और मंत्री के बीच नहीं बैठती है पटरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

संभावित जल संकट को लेकर भी दिया बयान

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कल दोपहर गांधी भवन की बैठक में पहुंचे थे और बैठक के बाद गांधी भवन में ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री के बीच दूरी बनी हुई है। दोनों एक-दूसरे को राजनीतिक रूप से निपटाने में लगे हैं। दोनों के बीच अंदरुनी जंग चल रही है। तीखी बातें भी होती है, जो बस दिखाई-सुनाई नहीं दे रही है। एक-दूसरे को हटाने में लगे हैं। पटवारी ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा विगत दिनों इंदौर में जल संकट के लिए बुलाई बैठक में विधायकों के नहीं पहुंचने का मुद्दा भी उठाया और कहा कि भाजपा नेता और जनप्रतिनिधि इतने गुरुर में हैं कि वे समझ रहे हैं कि हम अगला विधानसभा चुनाव तो आसानी से जीत जाएंगे। अभी सामान्य जल संकट से भाजपा सरकार और नगर निगम निपट नहीं पा रही है और आने वाले समय में जब संभावित जल संकट होगा तो उससे भाजपा सरकार और निगम परिषद कैसे निपटेगी। पटवारी ने यहां तक कहा कि प्रदेश और इंदौर में जल संकट को देखते हुए हम विपक्ष में होने के बावजूद सरकार के साथ खड़े रहेंगे, जनता की समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे। पटवारी ने यहां तक कहा कि यातायात, पानी, सफाई, अराजकता का माहौल है, भाजपा सिर्फ लूट में लगी है।

56 दुकान पर रेडियो के संचालन का नया ठेका देंगे

स्मार्ट सिटी कंपनी 3 साल के लिए देगी रेडियो ठेके पर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम की स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा 56 दुकान पर रेडियो का संचालन का नया ठेका दिया जाएगा। अब यह ठेका एक बार फिर 3 साल के लिए होगा।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में किए गए काम में 56 दुकान क्षेत्र का समग्र विकास भी शामिल था। इसके अंतर्गत इन दुकान के सामने की सड़क को समाप्त करते हुए दुकान पर आने वाले ग्राहकों के लिए बैठने और खाने-पीने के स्थान के रूप में इसे विकसित किया गया। इसके अलावा नगर निगम के द्वारा स्काडा योजना के तहत 56 दुकान की सभी दुकानों को एक जैसा बनाया गया और उनके बोर्ड भी एक समान किए गए। यहां पर पार्किंग का विकास कर यहां आने वाले खान-पान के शौकिनों के लिए सशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई।

इतना पूरा कार्य करने के साथ ही नगर निगम की स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा 56 दुकान पर ओपन एयर थिएटर भी बनाया गया। इस थिएटर में कभी नाटक तो कभी गीत संगीत के कार्यक्रम का आयोजन लोगों के द्वारा जाकर किया जाता है। यह व्यंजन खाने के लिए आने वाले लोग इन कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं। स्मार्ट सिटी कंपनी ने यहां पर कम्युनिटी रेडियो भी शुरू किया था जो की 56 दुकान क्षेत्र में ही बजता है। इस रेडियो के संचालन का ठेका 3 साल के लिए दिया गया था। इस ठेके की अवधि के पूरा हो जाने के कारण अब फिर से स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा 3 साल के लिए इस रेडियो के संचालन का कार्य ठेके पर दिया जा रहा है। इस बारे में 2 नवंबर को दोपहर 3:00 बजे स्मार्ट सिटी कंपनी के कार्यालय पर बैठक का भी आयोजन किया गया है।

जूनी इंदौर ब्रिज से मच्छी बाजार तक सड़क निर्माण का नया ठेका देंगे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम के द्वारा जूनी इंदौर ब्रिज से लेकर मच्छी बाजार तक सड़क का निर्माण कार्य करने के लिए नया ठेका दिया जाएगा। इस बारे में प्रस्ताव तैयार कर महापौर परिषद की 2 नवंबर को होने वाली बैठक में रखा गया है।

महापौर परिषद की 2 नवंबर को होने वाली बैठक में रखा प्रस्ताव

नगर निगम के द्वारा महापौर मालिनी गौड के कार्यकाल में सरवटे बस स्टैंड को गंगवाल बस स्टैंड से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण के कार्य को शुरू किया गया था। यह सड़क का निर्माण कार्य धीमी गति से चलते हुए अभी तक पूरा नहीं हो सका है। इस सड़क के एक हिस्से के रूप में जूनी इंदौर के पुल से चंद्रभागा होते हुए मच्छी बाजार तक सड़क का निर्माण किया जाना है। इस सड़क का निर्माण करने के लिए नगर निगम के द्वारा जो ठेका दिया गया था उसमें ठेका लेने वाली एजेंसी के द्वारा काम नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में अब नगर निगम के द्वारा इस ठेके को निरस्त करते हुए नए सिरे से टेंडर के माध्यम से ठेका देने का प्रस्ताव रखा गया है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा 2 नवंबर को महापौर परिषद की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया है। इस प्रस्ताव के साथ ही 44 एंट्री गेट पर विज्ञापन लगाने के तीन अलग-अलग प्रस्ताव रखे गए हैं। इसके अलावा अब शहर में निजी जमीन पर भी यूनिफॉर्म लगाए जा सकेंगे और इसके लिए नगर निगम के द्वारा अनुमति दी जाएगी। इसके लिए भी विधिवत प्रस्ताव तैयार कर बैठक में रखा गया है।

पाटीदार की चांदी परमार के पर कतरे

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कल रात एक आदेश जारी कर एसडीएम रोशनी पाटीदार की चांदी कर दी जबकि महू के एसडीएम राकेश परमार के पर कतर दिए गए। कलेक्टर के द्वारा कल रात को दो अलग-अलग आदेश जारी किए गए। इस आदेश के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय में काम करने वाले अधिकारियों में कार्य विभाजन में परिवर्तन किया गया। अब तक कॉलोनी सेल जैसा महत्वपूर्ण कार्य देखते हुए कलेक्टर की भरोसेमंद अधिकारी के रूप में उभर कर सामने आई रोशनी पाटीदार को इस काम के साथ-साथ बिचौली जैसे कमाऊ क्षेत्र का एसडीएम भी बना दिया गया है। इस क्षेत्र के एसडीएम के पास बहुत अच्छी स्थिति रहती है। यह क्षेत्र रोशनी को लॉटरी के रूप में मिल गया है।

इसके साथ ही महू के एसडीएम राकेश परमार के पर कतर दिए गए हैं। अभी एक दिन पूर्व ही हाई कोर्ट के द्वारा एक जमीन के मामले में दिए गए स्थगन को बिना किसी आवेदक के समाप्त कर दिए जाने के मामले में उनके खिलाफ टिप्पणी की गई थी। इस टिप्पणी के बाद कलेक्टर से बार-बार यह पूछा जा रहा था कि आखिर परिवार के खिलाफ कार्रवाई कब की जाएगी। अभी कार्रवाई तो नहीं हुई है अलबत्ता परमार को महू के एसडीएम के काम से मुक्त कर दिया गया है और उन्हें कलेक्टर कार्यालय में बिना काम के अटैच कर दिया गया है। कलेक्टर के द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि परमार को कोई स्थाई काम नहीं दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि परमार को जब जो काम दिया जाएगा वह उन्हें करना होगा।



पार्षद ने बुर्का पहनकर किया निर्माण कार्य का शुभारम्भ

आसपास रही महिलाएं मौजूद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा एक के वार्ड 2 की पार्षद फातिमा रफीक खान ने सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस दौरान फातिमा खान ने तहजीब के साथ इस शुभारम्भ कार्य में महिलाओं का साथ लिया और खुद ने बुर्का पहनकर यह शुभारम्भ किया। यह विकास कार्य चंदन नगर आम वाला रोड, गली नंबर 7 में सीमेंटी करण सड़क निर्माण कार्य के लिए किया गया। रिजवाना बी, शाहिदा आपा, हज्जानी खाला, सलमा बेन, भूरी भाभी, शहनाज भाभी और आईशा पठान शुभारम्भ पर मौजूद थी। कार्य में सहयोग उमर पठान, मोइन पठान, सादिक शेख, माना शरीफ, अब्बासी, भूरा उस्ताद, अल्ताफ कुरैशी, भुरू, आबिद तिगाला, फिरोज मंसूरी, मुन्नाचूड़ी वाला भी मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस 150 गाडियों के काफिले के साथ करेगी दिल्ली कूच

कल हुई बैठक में लिया निर्णय, पटवारी, आब्जर्वर और सहप्रभारी के लिए करवाई आतिशबाजी और बजवाए ढोल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, आब्जर्वर आरिफ खान, सहप्रभारी उषा नायडू जब जिला कांग्रेस की बैठक के लिए पहुंचे तो जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे ने अपने साथियों और पदाधिकारियों से ढोल और नगाडे बजवाए, आतिशबाजी करवाकर पटवारी, खान, नायडू सहित वरिष्ठों का स्वागत किया। 1 नवम्बर को दिल्ली में होने वाली जन मार्च महारैली के लिए चर्चा की गई। वानखेडे ने बताया कि जिला कांग्रेस के कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता 150 गाडियों के काफिले के साथ दिल्ली जाएंगे।

दिल्ली में इन कांग्रेसियों के लिए रुकने और भोजन की व्यवस्था भी जिला कांग्रेस ने की है। सभी कांग्रेसी 31 अक्टूबर को इन्दौर से दिल्ली के लिए कूच करेंगे। कुछ नेता और कार्यकर्ता फ्लाइट और ट्रेन से भी दिल्ली जाएंगे।

भाजपा नेता वालिया द्वारा मातृशक्तियों को 'करवा' वितरण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। करवा चौथ के पावन अवसर पर भाजपा नेता सुरजीत सिंह वालिया ने वार्ड क्रमांक 21, न्यू गायत्रीनगर में मातृशक्तियों को चौथ पर पूजन के लिए करवा का वितरण किया गया। सुरजीतसिंह वालिया, उमाशंकर तरेटीया, छोटू मौर्य, ओमप्रकाश पानेरी सहित अन्य उपस्थित रहें।

भाजपा की कल यात्रा में दिग्गज रहेंगे मौजूद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश भाजपा के आह्वान पर नगर भाजपा द्वारा कल लोकतंत्र बचाओ अरजाकता हटाओ मुद्दे पर सुबह 10 बजे सुभाष नगर परदेशीपुरा से यात्रा का आयोजन किया है। इस यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केन्द्रीय मंत्री मनसुखभाई मांडलिया, प्रदेश भाजपा प्रभारी विप्लव देव एवं भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के साथ केन्द्रीय मंत्री और प्रदेश प्रभारी भी रहेंगे

दिग्गजों की मौजूदगी के कारण भी यात्रा का महत्व है। बताया जा रहा है कि परदेशीपुरा चौराहा से पाटनीपुरा चौराहा तक बैनर-पोस्टर भी लगाए जाएंगे। विधायक महेन्द्र हार्डिया अपनी विधानसभा के बालीनाथ चौराहा से 9.30 बजे रैली के रूप में विधानसभा के पदाधिकारी व सदस्यों और भाजपाइयों के साथ परदेशीपुर सुभाष नगर चौराहा पहुंचेंगे। लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ मुद्दे पर अ.भा. बलाई महासंघ के मनोज परमार ने समाजजनों और पदाधिकारियों के साथ भाजपा कार्यालय में दोपहर 1 बजे बैठक रखी है, जिससे ज्यादा से ज्यादा बलाई समाजजन कल रैली में शामिल हो सके।

दो-तीन दिन बादल बने रहेंगे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। छत्तीसगढ़ क्षेत्र में चल रहे तूफान का असर इंदौर-उज्जैन संभाग पर भी नजर आएगा। मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि इंदौर और आसपास दो से तीन दिनों तक बादल बने रहेंगे। बूंदाबांदी भी आ सकती है और कोई बदली बनी तो पानी भी हल्काफूल्का गिर सकता है, हवाएं भी चलती रहेगी।

बागड़ी को फिर मिली उद्योग-व्यापार प्रकोष्ठ में प्रादेशिक जिम्मेदारी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेस नेता अरविन्द बागडी को फिर से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उद्योग-व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। बागडी दो बार पार्षद, तीन बार ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रहे और उन्हें लोकसभा, विधानसभा चुनाव संचालन में भी जिम्मेदारी पूर्व में मिली थी। अग्रवाल समाज और वैश्य समाज के कई संगठन से वे जुडे हुए है। खजराना मंदिर में भी सेवाएं देते है। क़ई कांग्रेस नेता और वैश्य समाज, अग्रवाल समाज पदाधिकारियों ने बधाई दी।

सरकारी जमीनों पर भाजपाइयों का निजी निर्माण -कांग्रेस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने बयान जारी किया कि बगीचे की भूमि पर निर्माण और नर्मदा पाइप लाइन फोड़ने का काम भाजपा नेता के परिवार द्वारा किया गया। इस मामले में नगर निगम ने भाजपा नेता के पुत्र को सूचना पत्र भी दिया। द्विवेदी ने प्रश्न उठाया कि भाजपा सरकार में किस तरह सरकारी जमीन पर कब्जा करके विधानसभा 1 के वार्ड 14 अम्बिकापुरी एक्सटेंशन मेन कालोनी में अवैध कार्य किया गया। द्विवेदी ने कहा कि धड़ल्ले से अवैध कार्य भाजपा सरकार में हो रहे हैं, अब नगर निगम ने भाजपा नेता और उनके परिवार को नोटिस जारी कर साबित कर दिया कि भाजपा नेताओं द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा है। जनता की शिकायत के बाद एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ला, बबलू शर्मा मौके पर गए थे, फिर भी अधिकारियों ने काम नहीं रूकवाया, जबकि बगीचा मामले में सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर अतिक्रमण, कब्जा हटाने के निर्देश न्यायालय भी दे चुका है।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
राकेश प्रॉपर्टी ब्रोकर्स
संपत्ति क्रय, विक्रय एवं दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने हेतु सम्पर्क करें
राकेश होलकर
9993514788, 9827044358
284, जवाहर मार्ग ``गीतांजली आर्च'', इंदौर
होलकर फोटोग्राफी
Birthday, Maternity, Pre Wedding, Wedding, Portfolio Post Wedding, New Born & Kids Photoshoot
विवाह समारोह एवं सभी कार्यक्रमों में फोटोग्राफी एवं वीडियो शूटिंग के आर्डर लिये जाते है।
यश होलकर
9074084750
380, उषा नगर एक्सटेंशन, इंदौर - 452009

शुभ दीपावली
आपके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों का प्रकाश फैले।
शुभेच्छु

RATHI CATERING AND SUPERVISION
PRESENTS
SHIVASHISH
RESORT & MARRIAGE GARDEN
Happy Deepawali
May this festival of lights bring happiness, prosperity & joy in your life.
25 Luxury Rooms | 5000 sq ft AC Banquet Hall | 30,000 sq ft Garden Lawn | 7000 sq ft Covered Shade | 60,000 sq ft Parking Area
Surya Mandir Main Road, Rangwasa, Indore
Sunil Rathi 93025 53236 | Sharad Rathi 99700 00041
Yuvraj Rathi 90395 77932

M.S. Sethi 9425008070 PS. Sethi 9826025124
Happy Diwali
DGTS DELHI GOLDEN TRANSPORT SERVICE
DAILY PARCEL SERVICE
Delhi to Indore-Bhopal & Raipur, Indore to Delhi
Panipat to Indore-Bhopal & Raipur
11/2, Gadi Adda Indore, Tel : 2369331, 9993205906
Booking Full load off.: 175, Transport Nagar Indore
M. 9425006052, email : dgtsind@gmail.com

प्रॉपर्टी पाइंट
Rera no : A-IND-25-2288
CROTON REALTORS PRIVATE LIMITED
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
पीयूष वाजपेयी
9302513540
9977202224
7, एयरपोर्ट रोड़, (गौतम आश्रम) इन्दौर-5

दीपोत्सव पर्व की हार्दिक बधाई
श्रीनाथ ट्रेडिंग कम्पनी
बंशीलाल इनानी-गोपाल इनानी
9826024476
क्लॉथ मार्केट-गुमाश्ता नगर, इन्दौर

Happy Diwali
राठी प्रॉपर्टी पॉइंट
बिल्डर्स एंड ब्रोकर्स
ज़मीन-मकान, कंस्ट्रक्शन के निर्माता एवं विक्रेता
प्रकाश राठी
मोबा. 93024-24623 79099-49494
106-107, द्वारकाधीश कॉलोनी एयरपोर्ट रोड, इंदौर

स्वर्गीय श्री सत्यनारायण जी तापड़िया
जन्म दिनांक 23/05/1944 पुण्यतिथि 18/01/2020
दीपावली की शुभकामनाएं
तरुण तापड़िया, अरुण तापड़िया एवं तापड़िया परिवार
B-2 इंदौर ग्रीन्स (एम्मार), सुपर कॉरिडोर एक्सटेंशन (एयरपोर्ट के पास) इंदौर (म.प्र.)
7000359610, 9926230610

Happy Diwali
ZRK
MEN'S WEAR
Opp. IDBI Bank, Aazad Square, Eicher Square, Pithampur (M.P.)

शुभ दीपावली
सोलंकी प्रापर्टी ब्रोकर्स
94250 63152, 9826392881

दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मंत्र प्रॉपर्टीज़
पलासिया के आस-पास प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने या किराये से लेन-देन हेतु संपर्क करें
717, शेखर सेन्ट्रल, पलासिया, इन्दौर
मो. 911-111-0062

शुभ दिवाली
अन्नपूर्णा स्वीट्स
प्यारा सा स्वाद, बाँधे सबको साथ...
दीपस्य प्रकाशः न केवलं भवतः गृहम् उज्ज्वालयतु जीवनम् अपि !
May the light of diya (lamp) illuminate not just your home but life too !
दीये की रोशनी से न केवल आपका घर परंतु जीवन भी रोशन हो !
ए.एम.बी. फूड प्रोडक्ट्स
ए-1, सुदामा नगर, सेठी गेट, इन्दौर - 9
मो. : 8269841567
खसरा नं. 9/1, 10/2, केट रोड, सूर्य मंदिर के सामने, राऊ
मो. : 6260257592

शुभ दीपावली
आपके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों का प्रकाश फैले।
इन्दौर रियल इस्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन (रजि.)

दीपावली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ
जय अम्बिके बिल्डर्स
संजय वर्मा
195, कान्यकुब्ज नगर, एयरपोर्ट रोड़, इन्दौर मो. 9827255874

दीपावली महापर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
बड़जात्या बदर्स
तपन बड़जात्या
(बिल्डर्स एण्ड ब्रोकर्स)
262, पल्हर नगर, एरोड्रम रोड, इन्दौर 9993315807, 9425081364

मातृशक्तियों का करवाचौथ व्रत शुरू

रात को चौथ माता की कथावार्ता सुनेंगी फिर पूजा कर चन्द्रमा को देंगी अर्घ्य

आज दिन भर कई आयोजन, करवा सहित सामान की दुकानें भी सजी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पति की लम्बी उम्र और स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर आज बड़ा व्रत मातृशक्तियां करवाचौथ का कर रही है। चौथमाता और चन्द्रदेव से पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ स्वस्थ जीवन की कामना भी मातृशक्तियां व्रत के साथ कर रही है। कई महिलाएं आज निर्जला व्रत भी कर रही है। शाम को चौथमाता का पूजन किया जाएगा और कथावार्ताएं भी सुनी जाएगी उसके बाद चन्द्रमा के दर्शन

पति का देखेंगी छलनी में चेहरा, फिर होगा व्रत पूरा, किया जाएगा साथ में भोजन





होंगे और मातृशक्तियां चन्द्रमा के दर्शन कर पूजन और अर्घ्य देने का काम भी करेंगी और चौथमाता के बाद चन्द्रदेव से भी पति की लम्बी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना मातृशक्तियां करेंगी। आज यह बड़ा व्रत माना जाता है। पूजन के बाद पति का चेहरा भी छलनी में पत्नी देखेंगी और लम्बे समय तक दोनों का साथ अच्छे से बना रहे इसकी कामना भी की जाएगी। व्रत पूरा होने के बाद आज पति-पत्नी और परिवार के साथ में भोजन किया जाएगा। आज इस व्रत के लिए पहले से मातृशक्तियों ने करवा, छलनी, पूजन सामग्री खरीदी है, जिन्होंने नहीं खरीदी वे आज खरीदी करेंगी। मातृशक्तियों ने कल इस बड़े व्रत के लिए मेहंदी भी लगवाई है और पसंद की साड़ियां भी पूर्व में खरीदी है। कई मातृशक्तियों ने पार्लर पहुंचकर आज के लिए अपने को शृंगारित भी किया। आज शाम मातृशक्तियां पूजन के पहले धार्मिक और सामाजिक वेशभूषा में तैयार होकर यह पूजन करेंगी। आज भी करवा, छलनी, पूजन सामग्री की दुकानें सजी हुई है। कल देर रात तक अलग-अलग जगह मेहंदी मांडने की दुकानें भी चलती रही। घरों में भी मेहंदी मांडने वाली पहुंचती रही। कल मांग मेहंदी की ज्यादा होने से दर भी मेहंदी के हाथ मांडने के बढ़े हुए नजर आए।

आज करवा चौथ पर कई संस्थाओं ने मातृशक्तियों के लिए कार्यक्रम दिन में आयोजित किए हैं और कल भी प्री-करवा चौथ सेलिब्रेशन हुए थे।

माता की तस्वीर भेंट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अयोध्या श्रीराम वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में मुसाखेड़ी क्षेत्र में कन्याओं को गरबा पुरस्कार के दौरान प्रसादी का आयोजन कराया, माता की तस्वीरें भेंट की। महेंद्र चौहान, सुरेंद्रसिंह राजपूत, आकाश रायकवार, सागर नागर, आकाश नागर एवं रहवासी मौजूद रहे।



चारभुजानाथ और माता के जयकारों के साथ गरबे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चारभुजानाथ और माता के जयकारों के साथ होटल में बड़ी संख्या में मातृशक्तियों की मौजूदगी में गरबा का आयोजन किया गया। राजनेताओं, वैश्य समाजजनों की मौजूदगी रही। अनूप शुक्ला, सत्येन्द्र शर्मा, हर्षिता जैन, आयुषी जैन, हेमा नामदेव, डिम्पल तिवारी, अजय लाहोटी, गोपाल पुजारी, शीतल शर्मा, प्रियंका सहित अन्य मौजूद रहे।





गरबा प्रस्तुति पर हुए पुरस्कृत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

मेमोरियल ट्रस्ट एवं श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल संघ द्वारा रास गरबा का आयोजन गार्डन में किया गया। संरक्षक किशोर गोयल ने बताया कि नन्ही नही बालिकाओं, युवतियों एवं महिलाओं ने शानदार गरबे की प्रस्तुतियां दी गईं। बेस्ट परफॉर्मेंस और बेस्ट ड्रेसअप पुरस्कार सहित सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिये। बडी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद रही। किशोर गोयल, महेश गोयल, मनोज अग्रवाल, विष्णु गोयल, शिव गर्ग, सुरेश गुप्ता, रत्नेश गोयल, संजय गोयनका, ओमप्रकाश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, प्रतीक गोयल, मुक्ति अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, धर्मेंद्र गर्ग, अभिषेक सोन्थलिया, अजय अग्रवाल, दिनेश गर्ग, मनोज गुप्ता, गणेश अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल, मोना गोयल, रिंकू अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, दीपिका पोद्दार, नीतू अग्रवाल मौजूद थे।

नीमा की स्मृति में मूर्ति अनावरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मनमोहन बालचंद नीमा एवं स्वर्गीय चंदा बाई मनमोहन नीमा की मूर्ति स्थापना एवं मूर्ति अनावरण सिग्नेचर हातोद रोड पर किया गया। हवन-भंडारा भजन संध्या भी आयोजित हुई। इस अवसर पर वल्लभ नीमा, बंशीधर नीमा, रोहित नीमा, राजेश नीमा, योगी राजनाथ, संत और समाजजन सहित अन्य मौजूद थे।





मातृशक्ति को मिला फिर परिवार का साथ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महिला उत्कर्ष संस्थान की संचालिका डॉ. नेहा शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित श्री गणेश बुजुर्ग आश्रम में 16 अक्टूबर की रात्रि 112 पुलिस वाहन द्वारा संगीता पति राजेश चौहान निवासी बदरखा तहसील हातोद जिला इंदौर को छोड़ा गया था, वो अपना घर का पता बताने में समर्थ थी किंतु उनके पास परिजनों का कोई कॉन्टैक्ट नंबर नहीं था, उनसे पूछने पर उन्होंने बताया कि पति से झगड़ा होने के कारण वो पैदल ही घर से अपने भाइयों के घर शिप्रा गाँव के लिए निकली थी किंतु वो रास्ता भटक गई थी ,उनको रात्रि गश्त के समय पुलिस द्वारा आश्रम में छोड़ा गया,संस्थान द्वारा उनके परिवार से संपर्क करने का प्रयास किया गया। उनके बेटे अमन से मोबाइल के माध्यम से संपर्क हुआ,उनका परिवार तुरंत ही उनको लेने आ गए। इस तरह का संगीता को पुनः अपना परिवार मिल गया।



ब्राह्मण समाज 'लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा' में होगा शामिल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सर्व ब्राह्मण युवा संगठन ने ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजनों की संगोष्ठी आयोजित की। इसमें भाजपा द्वारा 30 अक्टूबर को प्रस्तावित 'लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल होने का संकल्प लिया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पुजारी अशोक भट्ट, दिनेश दवे, दिनेश शर्मा, मनोज मिश्रा, राजेश हरदोनिया, संदीप जोशी, के.के. झा, अमित त्रिवेदी सहित अन्य ब्राह्मण समाजजन मौजूद थे।

33 प्रतिशत मौतों की वजह हृदय रोग

जीवनशैली में बदलाव से 80 प्रतिशत मामलों को रोका जा सकता है

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दुनियाभर में हृदय संबंधी बीमारियां (कार्डियोवैस्कुलर डिजीज) मौत का सबसे बड़ा कारण बनकर उभर रही हैं। आंकड़ों के अनुसार, हर साल दुनियाभर में लगभग 2 करोड़ (20 मिलियन) लोगों की मौत हृदय रोगों के कारण होती है, जो कुल मौतों का लगभग 33 प्रतिशत है। इनमें से 75 प्रतिशत से अधिक मौतें भारत जैसे मध्यम और निम्न आय वाले देशों में हो रही हैं। हालांकि, वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन का मानना है कि सही समय पर सतर्कता और जीवनशैली में बदलाव लाकर लगभग 80 प्रतिशत असामयिक हृदय रोगों और स्ट्रोक के मामलों को रोका जा सकता है। यह बात हृदय रोग विशेषज्ञ और वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन, यूएसए के अध्यक्ष डॉ. जगत नरूला ने कही। उनके साथ वरिष्ठ हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. ए.के. पंचोलिया, सीएसआई इंदौर के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप गुप्ता एवं उपाध्यक्ष डॉ. राकेश जैन भी मौजूद थे। डॉ. नरूला ने कहा कि प्राचीन ममियों से लेकर समकालीन आदिवासी समुदायों तक और एथेरोस्क्लेरोसिस (धमनियों में रुकावट) की उत्पत्ति पर किए गए गहन शोध से यह स्पष्ट होता है कि हृदय रोगों की रोकथाम जीवन में शुरुआती चरण से ही शुरू कर देनी चाहिए। भारत में बेहद कम उम्र के युवाओं में दिल के दौरे पडने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुरुआती लक्षणों को समय पर पहचाना नहीं जा रहा है, जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कारणों के अलावा अब बढ़ते प्रदूषण, प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग और मोटापे की महामारी हृदय रोगों के नए और प्रमुख कारणों के रूप में सामने आ रहे हैं। हृदय रोगों से सुरक्षा के लिए संतुलित और अनुशासित जीवनशैली ही सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक कारक है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का व्यायाम या पैदल चलें, संतुलित खान-पान जैसे जंक फूड, अत्यधिक नमक, चीनी और प्लास्टिक पैक्ड खाद्य पदार्थों से बचें, स्वच्छ वातावरण में समय बिताना और मानसिक तनाव को नियंत्रित रखने के साथ 30 की उम्र के बाद नियमित रूप से हेल्थ चेकअप ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और शुगर की जांचे कराना जरूरी है।



जैन समाजजनों की मौजूदगी में होगा राशन वितरण

3 हजार जरूरतमंद परिवार का बनाया लक्ष्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इस वर्ष भी सार्थक दीपावली मनाने का लक्ष्य खुशियों के पल फाउंडेशन द्वारा रखा गया है। दीपावली के पूर्व 3 हजार जरूरतमंद परिवारों तक राशन की किट वितरित की जाए इसका लक्ष्य रखा गया है। 2 से 4 नवंबर तक अलग-अलग वितरण केन्द्रों पर यह अनाज वितरण का आयोजन होगा। मनोज डागलिया, मनीष डागलिया, प्रवीण बंब, संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि यह इंदौर का अब तक का सबसे बड़ा दीपावली राशन वितरण अभियान होने जा रहा है।त्योहार खुशियों के साथ मने इसके



लिए राशन किट में दैनिक उपयोग की आवश्यक खाद्य सामग्री सहित 26 प्रकार की वस्तुएँ शामिल की गई हैं। लगभग 17 से 18 किलोग्राम वजन वाली प्रत्येक किट में एक परिवार के लिए करीब 15 दिनों की आवश्यक राशन सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। पूरे अभियान के लिए लगभग 60 टन सामग्री की व्यवस्था की गई है।संस्था द्वारा 2015 से दीपावली पर इस तरह का सेवा कार्य किया जा रहा है। इस अभियान को जनसहयोग से पूरा किया जाता है। दानदाताओं और सहयोगी द्वारा सहयोग किया जाता है और स्वयं सेवक सेवाएं देते है।

ट्रस्ट ने की बैठक में नए न्यासियों की नियुक्ति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

श्री क्षत्रिय कलौता समाज राधाकृष्ण मंदिर परमार्थिक न्यास एवं छात्रावास उज्जैन में बैठक आयोजित की गई। ट्रस्ट में वरिष्ठ सदस्यों छतरसिंह केलवा, जगन्नाथ वर्मा की स्वेच्छिक सेवामुक्त के बाद ट्रस्ट का विस्तार हुआ। इसी कारण 25 नए न्यासियों की नियुक्ति भी की गई। जिन्हें शपथ भी दिलाई गई। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्दौर के राधेश्याम पटेल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रामनारायण मकवाना को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। कई न्यासी इन्दौर के भी बने है। इन्दौर के ही मोतीसिंह पटेल, उमरावसिंह मौर्य एवं मनोहरसिंह पंवार ने सम्बोधित किया। केदारसिंह चौहान, पदमसिंह पटेल ने अपनी भूमिका निभाई।

कान्ह नदी को लेकर तकनीकी रिपोर्ट होगी पेश

पुनर्जीवित करने पर प्रस्तुतिकरण होगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कान्ह नदी सिंहस्थ के दौरान सुन्दर भी दिखे और गंदगी नजर ना आए इसके प्रयास कई संस्थाएं और समाजसेवी पहले से कर रहे है। अब इस मुद्दे पर पूर्व से तैयारी कर रहे आलोक खरे, कोमल प्रसाद, शफी शेख, डॉ. मुकेश चौहान द्वारा जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पावर पॉइंट द्वारा 2 नवंबर की शाम इंदौर प्रेस क्लब के सभागृह में प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा। यह प्रस्तुतीकरण डेवलपमेंट फाउंडेशन एवं इंदौर वाटर वर्क्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सभी लोगों ने अध्ययन कर तकनीकी रिपोर्ट बनाई है जिसमें डिजाइन के बाद प्रोजेक्ट की लागत निकालकर, वार्षिक रखरखाव, विद्युत व्यय आदि कितना होगा।

दो दिवसीय नेशनल होलिस्टिक हेल्थ कॉन्फ्रेंस होगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। समग्र स्वास्थ्य, भारतीय चिकित्सा पद्धतियों और आधुनिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय नेशनल होलिस्टिक हेल्थ कॉन्फ्रेंस हेल्थकॉन 2026 का आयोजन 31 और 1 नवंबर को चोइथराम नेत्रालय एवं ईडीयू सीरम नर्सिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में यह सम्मेलन धार रोड स्थित चोइथराम नेत्रालय परिसर में आयोजित होगा। इसमें देशभर से 1200 से अधिक विशेषज्ञों, चिकित्सकों, शिक्षाविद और शोधकर्ता शामिल होंगे। अश्विनी वर्मा, डॉ. उषा उकांडे, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. प्रमोद नंदवाल ने बताया कि यह सम्मेलन



आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी सभी आयुष पद्धतियों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन के दौरान उत्कृष्ट शोधपत्रों का प्रस्तुतीकरण, पुरस्कार वितरण और आयुष क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशेषज्ञों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।



535 अग्रवाल समाजजनों ने की भागीदारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रवाल संगठन नवलखा की मेजबानी में तीन दिवसीय मातृशक्ति गरबा रास महोत्सव का आयोजन नवलखा क्षेत्र के 535 परिवारों की भागीदारी में आयोजित किया गया। मातृशक्तियों का सम्मान भी आयोजित किया गया। अखिलेश गोयल, उपाध्यक्ष पूनम गुप्ता, महामंत्री विकास मित्तल,सीमा बंसल, अनिता गुप्ता, पिंकी गोयल, शकुन गर्ग, मनीषा बंसल, पूजा गोयल, सुरभि गर्ग, कृष्णा गोयल, अमिता अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल एवं श्रद्धा बराय ने अपनी भूमिका निभाई। आयोजन में राजनेताओं की उपस्थिति भी रही।

वरिष्ठ नागरिकों ने किया अक्टूबर माह में जन्मे सदस्यों के लिए एक साथ आयोजन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आनंदवन-2, स्कीम नंबर 140 के वरिष्ठ नागरिकों के सदाबहार ग्रुप द्वारा अक्टूबर माह में जन्मे सदस्यों का जन्मदिन एक साथ सामूहिक रूप से मनाया। परिजनों की मौजूदगी में केक काटने के बाद तम्बोला और अन्य प्रतियोगी गैम्स भी खिलाए गए, गरबा की प्रस्तुति भी हुई। मालती तारकेश्वर सिंह, आशा विनोद खंडेलवाल, प्रिया प्रवीण भागवत, उमा महेश शर्मा, अर्चना श्रीकांत मराठे, शकुंतला डॉ. सुभाष तिवारी, रजनी केशव गुप्ता, संगीता-विजय खंडेलवाल, रीना कैलाश जिंदल, डॉ. जी.एस. विश्वकर्मा, जयकिशन हेमनानी, प्रफुल्ल भार्गव, मुकेश खंडेलवाल, संदीप भार्गव के.के. अरोरा , रमाकांत केलकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी में कलाकृतियां, पेंटिंग्स और मूर्तियां

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक अभय प्रशाल ऑडिटोरियम में कला उत्सव प्रदर्शनी का आयोजन होगा। पहले दिन 'द हाट ऑफ आर्ट' सजेगा जिसमें अतिथि बिन्दू दारासिंह होंगे। विश्व की सबसे बड़ी कैनवास पर बनी रामायण के साथ देशभर के कलाकारों की कलाकृतियां, पेंटिंग्स और मूर्तियां प्रदर्शित होगी। देशभर के कलाकार और कला प्रेमी एक जगह जुटेंगे।

रामस्नेही संत रामदयाल महाराज कल आएंगे

दीपावली इंदौर में ही मनाएंगे



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रामस्नेही भक्त मुकेश कचोलिया, दिनेश धनोतिया, योगेश सोनी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर आचार्य रामस्नेही संत रामदयाल महाराज कल 30 अक्टूबर को इन्दौर आएंगे और दीपावली इन्दौर में ही मनाएंगे। रामस्नेही भक्तों ने आचार्य से दीपावली इन्दौर में करने का आग्रह किया था जिस पर संत ने स्वीकृति दी। संत कल इन्दौर आएंगे और छावनी रामद्वारा भी जाएंगे। छावनी रामद्वारा में संत का स्वागत और धार्मिक आयोजन भी होंगे। आयोजन से छावनी रामद्वारा सत्संग समिति जुडी हुई है।

शिव मंदिर में प्री-करवा चौथ



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री गेंदेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर शिवधाम में प्री करवा चौथ का कार्यक्रम बडी संख्या में मातृशक्तियों की मौजूदगी में सखी सहेली ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया। संजीता राजेश विजयवर्गीय ने बताया कि अतिथि आशा विजयवर्गीय थी। 200 से अधिक मातृशक्तियों ने प्रतियोगी गैम खेले, पुरस्कार भी जीते।



आयोग मित्र की नियुक्ति

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। म.प्र. मानव अधिकार आयोग को शोध अधिकारी संजयकुमार विश्वकर्मा ने अब्दुल सलीम शेख पिगडम्बर महू को आयोग मित्र नामांकित किया। जिले के भैगोलिक क्षेत्र में आगामी दो वर्ष के लिए वे कार्य करेंगे। नियुक्ति पत्र के दौरान राहुल निहोरे, संजयकुमार विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

इंदौर में अब बन सकेंगी गगनचुंबी इमारतें

एफएआर 3 से बढ़ाकर 7 हुआ, हाई राइज डेवलपमेंट की बाधा हुई दूर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

देश के बड़े शहरों में दशकों पहले लागू हो चुके भवन निर्माण के नियम मध्य प्रदेश में अब बदलने जा रहे हैं। राज्य सरकार ने भूमि विकास एवं भवन निर्माण अनुमति के लिए नए विकास नियंत्रण नियमों का ड्राफ्ट जारी किया है। इसके लागू होने पर इंदौर, भोपाल, उज्जैन और देवास जैसे शहरों में गगनचुंबी इमारतों और बहुमंजिला आवासीय परियोजनाओं के निर्माण का रास्ता खुल सकता है। सबसे बड़ा बदलाव फ्लोर एरिया रेशियो को 3 से बढ़ाकर 7 तक करने का प्रस्ताव है। इससे जमीन के आकार के अनुपात में अधिक निर्माण संभव होगा और रियल एस्टेट में निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और पुणे की तर्ज पर मल्टीस्टोरी डेवलपमेंट को मिलेगी रफ्तार

सस्ते आवास, पानी और पर्यावरण की चुनौतियां भी

बायपास से सुपर कॉरिडोर तक बदलेगी तस्वीर

नई नीति के तहत इंदौर बायपास, बीआरटीएस, रिंग रोड, एमआर-10, सुपर कॉरिडोर और इकोनॉमी कॉरिडोर जैसे क्षेत्रों में बहुमंजिला विकास को गति मिल सकती है। सरकार का लक्ष्य बढ़ती शहरी आबादी की आवास जरूरतों को पूरा करना और निजी निवेशकों को बड़े प्रोजेक्ट लगाने के लिए आकर्षित करना है। मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, पुणे और हैदराबाद की तर्ज पर ऊंची इमारतों के निर्माण से आवास की उपलब्धता बढ़ाने की योजना है।

अवैध कॉलोनियों पर लगाम की उम्मीद

सरकार की मंशा 2047 तक बढ़ने वाली शहरी आबादी के लिए आवास उपलब्ध कराना और करीब 5 से 6 लाख रुपये की कीमत में किफायती घरों के निर्माण को प्रोत्साहित करना है। उम्मीद है कि नियोजित आवासीय विकास से अवैध कॉलोनियों और अनियोजित बस्तियों की समस्या कम होगी। फिलहाल विकास परियोजनाओं के दौरान विस्थापन और मुआवजे पर सरकार को बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। हालांकि, सस्ते आवास का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब जमीन की कीमत, निर्माण लागत और जरूरी सुविधाओं को ध्यान में रखकर परियोजनाएं बनाई जाएंगी। ऊंची इमारतों के साथ पानी और ऊर्जा की मांग भी बढ़ेगी। इसी को देखते हुए सरकार नई वाटर रीयूज पॉलिसी ला रही है, जिसके तहत कॉलोनियों में पेयजल और उपचारित पानी के लिए अलग-अलग पाइपलाइन की व्यवस्था प्रस्तावित है। इससे घरेलू उपयोग में उपचारित पानी का इस्तेमाल बढ़ाया जा सकेगा और पेयजल पर दबाव घटाने में मदद मिलेगी।

पर्यावरणविदों ने उठाए सवाल

पर्यावरणविद् जोशी ने सवाल उठाया कि बहुमंजिला इमारतें बनने के बाद शहरों को गर्मी से बचाने के लिए क्या ठोस उपाय होंगे और उनका क्रियान्वयन कैसे सुनिश्चित किया जाएगा। उनके मुताबिक, विकास के साथ पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

कांग्रेस ने पूछा- कैसे होगा पर्यावरणीय नियमों का पालन?

वहीं, कांग्रेस के शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने आशंका जताई कि बिल्डर बड़े प्रोजेक्ट तो खड़े कर देते हैं, लेकिन भूजल संरक्षण, ऊर्जा और पर्यावरण संबंधी शर्तों की अनदेखी हो सकती है। उन्होंने नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन और नियमित मॉनिटरिंग की जरूरत बताई। नई नीति इंदौर के शहरी विकास को नई ऊंचाई दे सकती है, लेकिन असली परीक्षा यह होगी कि ऊंची इमारतों के साथ सस्ते घर, पर्याप्त पानी, हरियाली और नागरिक सुविधाएं भी जमीन पर उतरें।

महू मिलिट्री एरिया में होगी नई सड़क तैयार

नई सड़क बनाने के साथ स्पेशल रिपेरिंग पर होंगे 98 लाख से ज्यादा खर्च



इन्दौर। महू मिलिट्री एरिया में जीईएमसीटीआई कैंपस मंदिर गेट से लेकर मैप्स तक सड़क की विशेष रूप से रिपेयरिंग के साथ नई सड़क का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। जिसको लेकर निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रबंधन द्वारा सड़क निर्माण कार्य और स्पेशल रिपेयरिंग के लिए बिट्स मंगाई गई है। निविदा प्रक्रिया के तहत इस कार्य पर अनुमानित लागत के हिसाब से लगभग 98 लाख से लेकर एक करोड़ के आसपास खर्च किए जाएंगे। जिसको लेकर विभागीय तैयारियां भी शुरू हो गई है। नवीन सड़क निर्माण और सुधार कार्य अगले माह में बेहद जल्द दीपावली के बाद शुरू करने की तैयारी है।

लंबे समय से थी कार्य शुरू करने की तैयारी- गौरतलब है कि लंबे समय से जीई एमसीटीआई मंदिर गेट से मैप्स तक उबड़ खाबड़ सड़क की वजह से आने-जाने में असुविधा हो रही थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए निविदा संबंधित प्रक्रिया आरंभ की गई है। वहीं अब आने वाले दिनों में अगले माह दीपावली के बाद बेहद जल्द नई सड़क निर्माण और विशेष मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही इसी साल के अंत तक मिलेट्री एरिया में मंदिर केम्पस गेट सैनिको के मैप्स तक नई सड़क निर्माण का कार्य पूरा किया जाएगा। साथ ही परिसर के आसपास की सड़क सुधार कार्य भी किया जाएगा।

पुरानी वैकेंसी में ही पद बढ़ा दिए थे, इसलिये नई आएगी या नहीं, बड़ा सवाल

फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती पर सस्पेंस गहराया, दिसंबर में होगी स्थिति साफ

इन्दौर। एमपी पीएससी की फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती पर सस्पेंस गहरा गया है। अब इसे लेकर 31 दिसंबर तक ही स्थिति साफ होगी। सस्पेंस इसलिए भी है क्योंकि पुरानी वैकेंसी में ही पद बढ़ा दिए गए थे इसलिये नई आएगी या नहीं, बड़ा सवाल यही है। गौरतलब है कि 123 पदों के लिए हुई फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती परीक्षा में 109 पद मुख्य भाग में शामिल थे, लेकिन 101 पदों की ही चयन सूची जारी की गई थी। क्योंकि भूतपूर्व सैनिकों के 12 में से 6 सहित कुल 8 पदों पर योग्य अभ्यर्थी नहीं मिला था।

17 साल करना पड़ा था इंतजार, अब कितना?

फूड सेफ्टी ऑफिसर भर्ती परीक्षा की यह अंतिम चयन सूची इसलिए अहम थी, क्योंकि इसकी वैकेंसी के लिए अभ्यर्थियों को पूरे 17 साल इंतजार करना पड़ा था। पूरे 17 वर्ष बाद दिसंबर 2024 में वैकेंसी आने के कुछ ही माह बाद फिर निरस्त कर दी गई थी। अभ्यर्थियों के आवेदन की राशि भी लौटा दी गई थी, लेकिन उसके कुछ माह बाद दोबारा वैकेंसी निकाली गई। पहली वैकेंसी में जहां 67 पद थे, वहीं दूसरी बार आई वैकेंसी में यह बढ़कर 123 हो गए। प्रक्रिया निरस्त होने और फिर दोबारा आगे बढ़ने में पूरे एक साल का समय लग गया। 14 दिसंबर 2025 यानी पहली प्रक्रिया के पूरे एक साल बाद पीएससी ने परीक्षा आयोजित की। इसी साल 15 से 28 अप्रैल के बीच इंटरव्यू हुए थे। चयन सूची के लिए पौने दो माह का इंतजार करना पड़ गया।

ये बड़ी चुनौती बाकी

पीएससी के सामने अब सबसे सिर्फ असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2025 के लगभग 18 विषयों के 1300 पदों के इंटरव्यू करवाना ही बड़ी चुनौती है, क्योंकि 31 दिसंबर तक यह सारे इंटरव्यू करवाना है। इसमें 3000 अभ्यर्थी शामिल होंगे, इसलिए पीएससी को बिना गैप किए अब इंटरव्यू करवाना होंगे।

मयूरनगर हनुमान मंदिर परिसर में प्रवेश द्वार के साथ हो रहा बगीचा निर्माण

इंदौर। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 54 में स्थित मयूर नगर क्षेत्र की गली नंबर 5 में स्थित मस्त मलंग हनुमान मंदिर पर बगीचा निर्माण और सौंदर्यकरण के कार्य के तहत क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल के प्रयासों से पहले चरण में चारों ओर सुरक्षा बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके बाद जल्द हनुमान मंदिर के आसपास चारों ओर लोगों के लिए बेहद जल्द सौंदर्यकरण के कार्य शुरू कर क्षेत्र के लोगों के लिए एक शानदार बगीचे का नवनिर्माण किया जाएगा। जिसके लिए क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल ने अपनी ओर से यहां काम तेजी के साथ शुरू भी कर दिए है। पार्षद बसवाल ने बताया विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से मयूर नगर क्षेत्र की सभी 19 गलियों के बीच स्कूल के सामने स्थित मस्त मलंगा हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं और क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर मंदिर के सामने खाली पड़ी भूमि पर आमजन ओर भक्तों के लिए सार्वजनिक बगीचे का निर्माण और सौंदर्यकरण का कार्य बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। जबकि पहले चरण में चारों ओर सुरक्षा बाउंड्रीवाल का काम किया जा रहा है।

रहवासियों और निगम की प्लानिंग से शुरू होगा कार्य - इसके आलावा यहां के बचे कामों को लेकर भी निगम और रहवासियों के साथ प्लानिंग कर सौंदर्य करण योजना को जल्द मूर्त रूप देने के लिए भी तैयारी शुरू हो गई है। झोन 11 के अध्यक्ष एवं वार्ड 54 के पार्षद महेश बसवाल के मुताबिक मयूर नगर क्षेत्र के एकमात्र मंदिर वाले नवनिर्माणधीन बगीचे में क्षेत्र के रहवासियों और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की मांग पर चारों ओर सुरक्षा बाउंड्रीवाल के निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके अलावा विधायक हार्डिया के सहयोग से लोगों के स्वास्थ्य के लिए जिम के उपकरण और बच्चों के लिए झूले चकरी सहित मनोरंजन के साधन जुटाने के प्रयास कर रहें है। वहीं महापौर भार्गव और निगम के सहयोग से बगीचे में सौंदर्य करण और हरियाली का काम किया जाएगा। जन सहयोग से यहां सैकड़ो की तादाद में 5 फीट से लेकर 10 फीट तक के पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। रोशनी के लिए लाइटिंग और बैठक व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा सौंदर्य करण के कार्य भी शुरू किए जाएंगे। साथ ही लोगों की सुविधा के लिए मंदिर में धार्मिक और सामाजिक आयोजन करने के लिए वाटर प्रूफ शेड निर्माण भी करवाने की प्लानिंग की जा रही है।

गाय के श्रृंगार की सामग्री की दुकान



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दीपावली का पर्व समीप आ रहा है और दीपावली के एक दिन बाद गोपालक द्वारा गाय, भैंस का पूजन, श्रृंगार का आयोजन किया जाता है। खासतौर से ग्रामीण क्षेत्र में यह परम्परा पुरानी है।

गाय-भैंस श्रृंगार के लिए सामग्री खरीदी जा रही है। गाय, बछडा, बैल, भैंस के साइज मुताबिक दुकानों से सामान खरीदा जा रहा है। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा के साथ गाय, बछड़ा, बैल, भैंस का पूजन भी होगा और उन्हें तेल लगाकर श्रृंगारित भी किया जाता है। पूजन की सामग्री के साथ श्रृंगार सामग्री दुकानों से खरीदी जा रही है।

6 क्वार्टर में होगा नवीन कंट्रक्शन और निर्माण

रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी होगा इंस्टॉल और अपग्रेड



इन्दौर। सेंट्रल एक्साइज कॉलोनी केंद्रीय लोक निर्माण विभाग इंदौर द्वारा नंबर एक बिल्डिंग टी-6 क्वार्टर एरिया में अब बेहद जल्द नया कंस्ट्रक्शन कार्य क्वार्टर निर्माण कार्य के साथ रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का काम भी किया जाएगा। साथ ही परिसर में स्थित पुराने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को भी अपग्रेड किया जाएगा। जिसको लेकर सेंट्रल गवर्नमेंट शासन द्वारा निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इसी साल शुरू होगा नवीनीकरण कार्य- बड़ी बात यह है कि सेंट्रल गवर्नमेंट से जुड़ी सेंट्रल एक्साइज कॉलोनी इंदौर के शासकीय क्वार्टर में नए कंट्रक्शन कार्य के साथ पुराने का नवीनीकरण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपग्रेड करने का कार्य भी किया जाएगा। साथ ही नए बनने वाले क्वार्टर और ऊपरी मंजिल पर बारिश के पानी को सहेजने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का कार्य भी किया जाएगा। जिसको लेकर भी विभागीय तैयारी शुरू हो गई है। साथ ही शासन की तरफ से जो भी नई बिल्डिंग निर्माण कार्य होता है वहां वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश भी दिए गए है। जिसके हिसाब से प्लानिंग कर अब कार्य किए जा रहें है।

संपादकीय

कूनो के चीते को किसने मारी गोली, सुरक्षा में चूक की भी हो जांच

जब विदेश से लाए गए इन चीतों को संरक्षित वन क्षेत्र में रखा गया है और नियमित तौर पर इनकी निगरानी करने की व्यवस्था है, तो फिर इनकी सुरक्षा में इस तरह की चूक कैसे हो सकती है! मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान से निकलकर मुरैना पहुंचे उन्नीस माह के चीते की गोली लगने से मौत की घटना ने भारत में चीतों को फिर से बसाने की महत्त्वाकांक्षी परियोजना की निगरानी पर ही गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच का विषय सिर्फ यह नहीं है कि इस चीते को गोली किसने मारी, बल्कि इस बात की भी गहराई से तहकीकात की जानी चाहिए कि आखिर यह वन्य प्राणी राष्ट्रीय उद्यान के अपने आवास स्थल से बाहर कैसे निकला। जब विदेश से लाए गए इन चीतों को संरक्षित वन क्षेत्र में रखा गया है और नियमित तौर पर इनकी निगरानी करने की व्यवस्था है, तो फिर इनकी सुरक्षा में इस तरह की चूक कैसे हो सकती है! प्रदेश सरकार ने इस घटना की छानबीन के लिए विशेष जांच दल गठित किया है और केंद्र सरकार ने भी उच्चस्तरीय दल जांच के लिए भेजा है। मगर सवाल है कि शासन के स्तर पर जिस तरह की गंभीरता एवं सक्रियता अब दिखाई जा रही है, वह घटना से पहले जमीन पर क्यों नहीं दिखी? गौरतलब है कि यह चीता बीते 25 अक्टूबर को संरक्षित वन क्षेत्र से बाहर मुरैना में घायल अवस्था में मिला था। उसे उपचार के लिए जबलपुर ले जाया गया, लेकिन दो दिन बाद उसकी मौत हो गई। इसके शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उसे गोली लगी थी। जांच दलों के सामने अब यह पता लगाने की चुनौती है कि इस चीते को गोली किसने और किन परिस्थितियों में मारी। क्या यह रिहायशी इलाके में घुस आया था या फिर शिकारियों की गोली का निशाना बना? साथ ही इसकी भी गहराई से छानबीन होनी चाहिए कि यह चीता कूनो राष्ट्रीय उद्यान से बाहर कैसे निकला और इसका पता निगरानी का जिम्मा संभाले अधिकारियों को क्यों नहीं चल पाया। अगर उन्हें इसकी जानकारी थी, तो चीते को खोजने के लिए क्या कदम उठाए गए? यह सवाल इसलिए अहम है कि जिस चीते की मौत हुई, उसके गले में रेडियो कॉलर लगा था, जिसकी मदद से उसकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकती थी। ऐसे में विभागीय स्तर पर भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, ताकि इस तरह की घटना दोबारा न हो।

बदमाशों का आतंक... कार में डालकर ले गए फिर करने लगे मारपीट

कोर्ट में राजीनामा नहीं करने पर दी जान से मारने की धमकी

इंदौर। गांधी नगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर हमला करने और उसे उठाकर ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित को कार में जबरन बैठाकर एक दुकान के पास ले गए और वहां लाठी-डंडों व चप्पलों से जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, कोर्ट में पुराने मामले में राजीनामा करने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना गांधी नगर इलाके की है। फरियादी गोविंद पिता कमल सोनी, निवासी कालानी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लक्की शुक्ला, अंतिम शुक्ला, विष्णु शुक्ला सभी निवासी गांधी नगर, शिवा विजवा और उनके अन्य साथियों ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके साथ वारदात को अंजाम दिया।फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसे गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से पीटने लगे और जबरन उसकी कार में डालकर शुक्ला पान वाले की दुकान के पास ले गए। वहां मुख्य आरोपी लक्की शुक्ला ने कार में रखे डंडे से गोविंद के बाएं कान के ऊपर जोरदार वार किया, जिससे गंभीर चोट लगने से खून बहने लगा। इसके अलावा शिवा विजवा, अंतिम शुक्ला और विष्णु शुक्ला ने उसके साथ चप्पलों से मारपीट की। इस दौरान मारपीट में पीड़ित की गले की सोने की चेन भी वहीं टूटकर गिर गई। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि आज के बाद पुराने अपराध में कोर्ट में राजीनामा नहीं किया, तो तुम्हें जान से खत्म कर देंगे।

थाने में तलब किए गए वाहन तोड़फोड़ करने वाले सूचीबद्ध बदमाश

परिजनों के सामने भविष्य में अपराध न करने की कसम

इंदौर। शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने के उद्देश्य से एरोड्रम थाना पुलिस ने एक सख्त कदम उठाया है। क्षेत्र में पूर्व में वाहनों में तोड़फोड़ और गुंडागर्दी करने वाले सूचीबद्ध बदमाशों को थाने पर तलब किया गया, जहां थाना प्रभारी की कड़ी चेतावनी के बाद उन्होंने भविष्य में अपराध न करने की कसम खाई। एरोड्रम थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव के नेतृत्व में एरोड्रम क्षेत्र के पुराने अपराधियों और असामाजिक तत्वों को थाने बुलाया गया। सभी बदमाशों से विधिवत डोजियर फॉर्म भरवाए गए, जिसमें उनके वर्तमान निवास स्थान, व्यवसाय, जीवनशैली और दैनिक गतिविधियों का पूरा विवरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने थाने पर मौजूद सभी बदमाशों और उनके परिजनों के समक्ष दो टूक चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में किसी भी बदमाश ने क्षेत्र में दहशत फैलाने, आम जनता को परेशान करने, वाहनों में तोड़फोड़ करने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया, तो पुलिस उनके खिलाफ बेहद कठोर और दण्डात्मक कार्रवाई करेगी। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

11 साल की बच्ची से छेड़छाड़ में कम्पनी कर्मचारी धराया

इंदौर। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में कम्पनी कर्मचारी द्वारा नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार घटना राधारुकमणि नगर फेस-1, लिंबोदी क्षेत्र की है। यहां रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उसने बिजनेस के सहयोग के लिए मनोज निवासी खंडवा रोड को काम पर रखा था। आरोप है कि आरोपी ने 5 जुलाई से 27 अक्टूबर के बीच कई बार उनकी 11 साल की बेटी के साथ अश्लील हरकतें कीं। बच्ची द्वारा बताने पर जब परिजनों ने उसे समझाया, तो भी उसकी हरकतें बंद नहीं हुईं और उसने 27 अक्टूबर को दोबारा छेड़छाड़ की। तेजाजी नगर पुलिस ने मां की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी मनोज को हिरासत में ले लिया है।

दुकान का ताला तोड़कर नकदी-सामग्री चोरी

शासकीय स्कूल का लोहे का गेट चुरा ले गए बदमाश

इंदौर। किशनगंज और बेटमा थाना क्षेत्रों में चोरी की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें एक ओर जहां बदमाशों ने किराना दुकान को निशाना बनाया, वहीं दूसरी ओर सरकारी स्कूल का लोहे का गेट ही चुरा ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशनगंज थाना क्षेत्र के मारुति नगर स्थित देवकृपा होटल के पास एक दुकान में चोरों ने धावा बोल दिया। फरियादी प्रिया तिवारी निवासी कॉस्मॉस कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 अक्टूबर की रात अज्ञात बदमाश दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे। चोर काउंटर पर रखी गैस टंकी, भट्टी, सिगरेट-गुटखा के पाउच और एक हजार रुपए नकद चुरा ले गए। सुबह दुकान खोलने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बेटमा इलाके में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने शासकीय संपत्ति को ही निशाना बना लिया। शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेटमा की शिक्षिका उमा अलावा निवासी सूर्योदय नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात बदमाश स्कूल का मुख्य लोहे का गेट और बाउंड्रीवॉल का हिस्सा चुरा ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

लिफ्ट देने के बहाने छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

इंदौर। सांवेर थाना क्षेत्र के संजय नगर हिल टॉप कॉलोनी के सामने।में रात करीब 11:30 बजे एक पैदल जा रही 40 वर्षीय महिला के साथ बाइक सवार अज्ञात बदमाश ने छेड़छाड़ की। आरोपी ने जबरन घर छोड़ने की बात कहते हुए बदसलूकी की। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उसके चेहरे पर चोट आई। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश कर रही है। मानपुर इलाके के ग्राम नंदलाई चौकी क्षेत्र में एक अन्य घटना सामने आई है, जहां आरोपी अजय पिता दिलीप ने देर रात एक 25 वर्षीय महिला के घर का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खुलते ही आरोपी ने महिला का हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी गालियां देते हुए वहां से भाग गया।

ऑनलाइन मीटिंग का बोलकर कमरे में गए इंजीनियर ने लगाई फांसी

इंदौर। सदर बाजार थाना क्षेत्र में एक ऑटोमोबाइल कंपनी के युवा इंजीनियर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक दोपहर में ऑनलाइन मीटिंग का कहकर लैपटॉप लेकर अपने कमरे में गए थे, जहां देर शाम वे फंदे पर लटके मिले। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना शंकरबाग इलाके की है। यहां रहने वाले धीरज पिता शिवाजी रसाले (22) पीथमपुर स्थित आयशर ऑटोमोबाइल कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे। उनकी शादी को अभी महज एक साल ही हुआ था। परिवार में पत्नी, मां और छोटी बहन हैं।परिजनों ने बताया कि बुधवार दोपहर तक धीरज सभी से सामान्य रूप से बात कर रहे थे। खाना खाने के बाद उन्होंने घर की पहली मंजिल स्थित कमरे में जाकर मीटिंग होने की बात कही और लैपटॉप लेकर ऊपर चले गए। देर शाम जब पत्नी ऊपर के कमरे में पहुंची, तो धीरज को फंदे पर लटका देख उनके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही सदर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने धीरज का मोबाइल जब्त कर लिया है और कॉल डिटेल्स व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आत्महत्या के कारणों की तलाश की जा रही है।

यातायात नियम के स्टीकर भेंट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। करवाचौथ पर वाहन दुर्घटना से पति और पत्नी बचे इसके लिए एक स्टीकर यातायात पुलिस और प्रहरी ने मिलकर तैयार कराए। जिसमें हेलमेट लगाने, कार के सीट बेल्ट लगाने और जिंदगी बचो का संदेश है। करवाचौथ पर यह विशेष स्टीकर कल वाहन चालकों को गिफ्ट के रूप में दिए गए। इस दौरान यातायात निरीक्षक सोनाली मोरे, यातायात प्रहरी श्यामसुन्दर बिहानी, आदित्य तिवारी, अरुण घोलप, निर्मल शाह मौजूद थे।





सेठी बने अध्यक्ष

इंदौर (सिटी ब्लास्ट। न्यायालय ने यातायात सुधार को लेकर अतिरिक्त महाधिवक्ता राहुल सेठी को यातायात सुधार समिति का अध्यक्ष बनाया। इस नियुक्ति पर कई अधिवक्ताओं के अलावा जैन समाजजनों ने भी बधाई दी है।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
144100	143740
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
196600	193300

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

इंदौर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को लेकर ऑटो चालकों में खींचतान, मीटर से सफर की व्यवस्था कब?

स्टेशन के बाहर चिल्ला-पुकार और यात्री पकड़ने की प्रतिस्पर्धा से शहर की छवि पर सवाल; प्रशासन क्यों नहीं लागू करता अनुशासित ऑटो संचालन की व्यवस्था?- अक्षय जैन

इंदौर। देश के स्वच्छ शहर इंदौर की पहचान केवल साफ-सफाई और विकास से नहीं, बल्कि यहां आने वाले मेहमानों को मिलने वाली सुविधाओं और व्यवहार से भी बनती है। लेकिन रेलवे स्टेशन के बाहर उतरते ही यदि यात्रियों का सामना ऑटो चालकों की चिल्ला-पुकार, सवारी को अपने वाहन में बैठाने की प्रतिस्पर्धा और किराए को लेकर असमंजस से हो, तो शहर की व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

रेलवे स्टेशन किसी भी शहर का प्रमुख प्रवेश द्वार होता है। दूसरे शहरों से आने वाले यात्री, परिवार, बुजुर्ग और महिलाएं स्टेशन से बाहर निकलते ही अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए ऑटो रिक्शा का सहारा लेते हैं। ऐसे में उन्हें सहज, सुरक्षित और पारदर्शी परिवहन सुविधा मिलना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन यात्रियों को लेकर ऑटो चालकों के बीच होने वाली खींचतान और आवाज लगाकर सवारी बुलाने की स्थिति कई बार यात्रियों के लिए असुविधाजनक बन जाती है।

जितनी दूरी, उतना किराया– व्यवस्था क्यों नहीं?

सवाल यह है कि ऑटो रिक्शा का संचालन मीटर आधारित क्यों नहीं हो सकता? यात्री जहां जाना चाहता है, वहां तक की दूरी के अनुसार किराया तय हो और भुगतान भी उसी आधार पर हो। इससे न यात्री को किराए को लेकर मोलभाव करना पड़ेगा और न ही बाहर से आने वाले व्यक्ति को यह आशंका रहेगी कि उससे अधिक पैसे मांगे जा रहे हैं। यदि किसी मार्ग पर मीटर आधारित व्यवस्था लागू करने में व्यावहारिक कठिनाइयां हैं, तो प्रशासन निर्धारित किराया सूची, डिजिटल किराया प्रणाली या प्रीपेड ऑटो काउंटर जैसी वैकल्पिक व्यवस्था लागू कर सकता है। उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए । यात्री को सुविधा मिले और ऑटो चालक को भी पारदर्शी तरीके से सवारी उपलब्ध हो।

कतार में ऑटो, व्यवस्थित तरीके से सवारी

रेलवे स्टेशन के बाहर ऑटो रिक्शा के लिए निर्धारित कतार, यात्रियों के चढ़ने-उतरने का निश्चित स्थान और गंतव्य के अनुसार सवारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाई जा सकती है। इससे ऑटो चालकों के बीच अनावश्यक प्रतिस्पर्धा कम होगी, स्टेशन के बाहर यातायात सुचारु रहेगा और यात्रियों को भी अपनी सुविधा के अनुसार वाहन चुनने का अवसर मिलेगा। इसके लिए परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन के बीच समन्वय जरूरी है। नियम बनाना ही पर्याप्त नहीं, उनका नियमित पालन सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

प्रशासन की नजर इस दृश्य पर क्यों नहीं?

इंदौर स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में अपनी पहचान बना चुका है। अब जरूरत ऐसी नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की है, जिनका अनुभव शहर में कदम रखते ही होता है। रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले यात्री के लिए पहली सार्वजनिक परिवहन सुविधा ही शहर के प्रति उसकी धारणा बनाती है। प्रशासन को यह देखना होगा कि स्टेशन के बाहर ऑटो संचालन की व्यवस्था यात्रियों की सुविधा के अनुरूप है या नहीं। यदि व्यवस्था में सुधार की गुंजाइश है, तो उसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। सवाल ऑटो चालकों की रोजी-रोटी का नहीं, व्यवस्था और अनुशासन का है। ऑटो चालक सम्मानजनक तरीके से अपना व्यवसाय करें और यात्री भी उचित किराए पर सुरक्षित सफर कर सके , दोनों उद्देश्य एक साथ पूरे हो सकते हैं। जरूरत केवल ऐसी व्यवस्था लागू करने की है, जिसमें प्रतिस्पर्धा चिल्ला-पुकार से नहीं, बल्कि बेहतर सेवा से हो।

कार्मिक विद्युत कार्य करते समय सुरक्षा नियम पालन जरूर करें



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बुधवार को विभागाध्यक्षों की मीटिंग में कहा कि लाइन, ट्रांसफार्मर, ग्रिड का कार्य करते समय लाइन कर्मचारी, तकनीकी कर्मचारी विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन जरूर करें। सभी सुरक्षा उपकरणों का हर हाल में उपयोग किया जाए। इस मामले में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सिंह ने कहा कि दीपावली त्योहार पर निर्बाध आपूर्ति के लिए सभी जरूरी कार्य अगले पांच दिनों में कर लिए जाए। कई अधिकारी भी मौजूद रहे।

विजेता को मिलेंगे 700 इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन अंक

एकल, युगल और मिश्रित युगल के मुकाबले भी खेले जाएंगे

इंदौर। भारतीय टेनिस संघ व मध्यप्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित तथा मोयरा सरिया व येलो डायमण्ड द्वारा प्रायोजित वर्ल्ड टेनिस इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन एमटी 700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट शुक्रवार 30 अक्टूबर से इन्दौर में आयोजित हो रहा है, जिसमें भारत सहित कई देशों के मास्टर्स टेनिस खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट इन्दौर टेनिस क्लब में खेला जाएगा । विजेता खिलाड़ी को 700 इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) अंक प्राप्त होंगे।

भारतीय टेनिस संघ के पूर्व महासचिव अनिल धूपर ने बताया कि देश व शहर को लगातार चौथी बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है जिसके लिए इन्दौर टेनिस क्लब तैयार है। एक बार फिर शहर में देश-विदेश के मास्टर्स खिलाड़ी टूर्नामेंट में अपने जौहर दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि एकल व युगल वर्ग के विजेता खिलाड़ी को 700 आईटीएफ अंक हासिल होंगे। वहीं उपविजेता को 500 आईटीएफ अंक, सेमीफाइनल खेलने वाले खिलाड़ि?यों की 330 अंक, क्वार्टर फाइनल खेलने की 210. प्री-क्वार्टर फाइनल खेलने बालों को 140 व राउंड 32 खेलने वाले खिलाड़ियों को 75 एक अंक हासिल होंगे। टूर्नामेंट में लगभग 250 खिलाड़ी शिरकत कर रहे है। एकल, युगल और मिश्रित युगल के मुकाबले भी खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के मैच रैफरी भारत के महाराष्ट्र राज्य के एटोन डिसूजा होंगे।

टूर्नामेंट डायरेक्टर अर्जुन धूपर ने बताया कि शुक्रवार से शुरू हो रहे एमटी 700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में मास्टर्स वर्ग मध्यप्रदेश के कई खिलाड़ी अपनी दावेदारी पेश करेंगे। पुरुष वर्ग में इंद्र कुमार महाजन, तपन शर्मा, ओ.पी. दीक्षित, प्रमोद दीक्षित, रोहित रावत सहित कई खिलाड़ी इस इंटरनेशनल टूर्नामेंट में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। वहीं महिला वर्ग में भी बड़ी संख्या में प्रदेश से सहभागिता रहेगी। जिसमें हरप्रीत गिल वाजपेयी, श्रुति सिंह भी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में प्रदेश की दावेदारी रख रही है।

कन्या भोज और भंडारे में पहुंचे भाजपाई

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। माँ अम्बेगौरी भक्त मंडल द्वारा कन्या पूजन, कन्या भोज भंडारे का आयोजन किया गया। अंशसिंह खस, सुदीशसिंह खस ने बताया कि कार्यक्रम में बडी संख्या में गरबा करने वाली बालिकाएं और परिवार से जुडी मातृशक्तियां मौजूद रही। आयचोजन में अतिथि विधायक राकेश शुक्ला, निखिल सोनी, भरतसिंह खस, मनस्वी पाटीदार, रुपाली अरुण पेंढारकर, प्रेम





विजयवर्गीय, सन्नी तिवारी, राहुल अवस्थी, अर्पित बुंदेला, राजसिंह खस, सन्नी चौहान वीरेन्द्र यादव, संजय कौशिक, मोहन पहलवान, पिंकी बागडी, सहित अन्य मौजूद थे।

नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का जांबाज़ प्रदर्शन

इंदौर । मध्यप्रदेश टीम के कोच रितेश विरांग व कैलाश सुरागे ने बताया कि रॉ पावर लिफ्टिंग फेडरनेशन इंडिया असन्ध हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के 16 खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं अपनी शरीर साधना से विभिन्न श्रेणीयों में 31 स्वर्ण पदक व 7 स्ट्रिंगमन ऑफ इंडिया का टाइटल अर्जित किया । इंदौर विधानसभा सभा 3 के विधायक गोलू शुक्ला के द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान किया गया और मंगल कामनाएं प्रस्तुत की ।

स्ट्रिंगमन ऑफ इंडिया टाइटल के विजेता :- रितेश विरांग - मास्टर बेंचप्रेस स्ट्रांगमैन । कैलाश सुरागे:- सीनियर बेंचप्रेस स्ट्रांगमैन। यश हार्डिया - जूनियर बेंचप्रेस स्ट्रांगमैन। स्वामी पाल - सब जूनियर बेंचप्रेस स्ट्रांगमैन। लव विराग - टीन्स डेडलिफ्ट स्ट्रांगमैन। प्रिंस खुराना - मास्टर डेडलिफ्ट स्ट्रांगमैन। महेश अंबे - सब जूनियर डेडलिफ्ट स्ट्रांगमैन । अन्य वर्गों में ब्रह्मप्रताप सिंह, ध्रुव महाजन, खावर खान, राशिका पटेल, पलाश सुखानी, ध्रुव चौहान, तरुण कुमार पाण्डेय, ललित नारायण मिश्रा, जगजोत सिंह विजेता रहे।

उमराह जायरीनों की वतन वापसी की मांग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भारत से उमराह के लिए गए लगभग 4000 भारतीय जायरीन पिछले कई दिनों से सऊदी अरब में फंसे हुए हैं।

इनमें इंदौर, भोपाल, उज्जैन, बुरहानपुर, खंडवा सहित मध्यप्रदेश के लगभग 300 जायरीन भी शामिल हैं। जिनको हिफाज़त के साथ वतन वापस लाने और हर संभव मदद करने के लिए समाजवादी पार्टी



ने संभागायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। रामस्वरूप मंत्री, राजेन्द्र यादव, डीएस मिश्रा, नेहा खान, अमन यादव, मोहम्मद अली सिद्दीकी, मनोज हार्डिया मौजूद थे।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा **श्रीमती रुखसार खान पति अयाज़ खान, निवासी 545, मुंडला नायता, इन्दौर** म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड ग्राम बिहाडिया तहसील भिचौली हप्सी जिला इन्दौर के अन्तर्गत पटवारी हल्का नम्बर पुराना 71 व नया 62 के सर्वे नम्बर 7/7/2 की भूमि पर स्थित भू-भाग क्रमांक 72 जिसका कुल क्षेत्रफल 500 वर्गफीट अर्थात 46.46 वर्गमीटर है को क्रय करने का सौदा किया होकर, आंशिक/बयाना राशि भी हमारे पक्षकार द्वारा विक्रेता श्रीमती रुखसार खान पति अयाज़ खान को अदा कर दी गई है।

यदि उक्त संपत्ति / विक्रय बाबद किसी भी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक आदि का रहन/गिरवी, कर्ज, डिक्री, चार्ज, मेंटेनेंस, जमानत अथवा अन्य किसी भी प्रकार का भार, बोझ अथवा हक हो तो वह मुझसे इस सूचना प्रकाशन से सात (7) दिन की समयावधि में सप्रमाण आपत्ति कार्यालयीन समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे के मध्य प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त समयावधि पश्चात विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा तथा किसी भी प्रकार की आपत्ति बंधनकारी नहीं रहेगी।

योगिता घनघोरिया एडवोकेट
आफिस-रेसीडेंसी-30-31 सुमन नगर इन्दौर
मो.-88393-42796

इन्दौर नगर पालिक निगम

कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र. 16

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1.श्री ओमप्रकाश पिता स्व. श्री किशन माहेश्वरी 2.श्री हरीश कुमार पिता श्री ओमप्रकाश माहेश्वरी 3.श्रीमती भारती सोडानी पति श्री राधारमन पिता श्री ओमप्रकाश माहेश्वरी 4.श्री जितेन्द्र पिता श्री ओमप्रकाश माहेश्वरी** द्वारा झोन 16 राजस्व विभाग पर आवेदन क्र. 1118 दिनांक 28/10/2026 के साथ रजिस्ट्री /वसीयतनाम/ वारिसनाते प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर पिन नं. 1001262998 पता-325 अम्बिकापुरी मेन ग्राम छोटा बांगड़दा इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.16 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र.-16
नगर पालिक निगम इन्दौर

सॉफ्टबॉल में इंदौर बना सभी वर्गों में चैंपियन



इंदौर । मध्य प्रदेश लोक शिक्षण आयुक्त के आदेशानुसार 70वी राज्य स्तरीय शालेय बालक एवं बालिका सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन , इंदौर के चिमनबाग मैदान पर आयोजित किया गया जिसमें इंदौर संभाग की अंडर 14-17-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्गों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनो वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि रमेश मेंदोला, विशेष अतिथि सुमित मिश्रा, राजकुमार सहगल, अनीता चौहान व हेंमत वर्मा उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के प्रसार प्रचार समीति के अनुराग तिवारी, दिनेश परमार ने बताया कि पुरस्कार वितरण मे विक्रम अवॉर्डी सविता पारखे , विक्रम अवॉर्डी प्रवीण दवे, सुबोध चौरसिया, पूजा पारखे, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल ठाकुर राकेश मिश्रा को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में 9 संभागों ने भाग लिए प्रतियोगिता मे कुल 1080 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन के लिये अलग अलग समीतियों का गठन किया गया था। पुरस्कार वितरण मे मुख्य रुप से विक्रांत आखरे, अनिल गौड, भारती जमगड, प्रकाश गोड, अभिषेक झा, ज्योति कुर्मी, अविनाश राठौर, इतिशा जीनवाल, सिधार्थ मालवीय, चेतना बघेल मौजुद थी। शानदार संचालन सुनयना शर्मा ने किया आभार प्रभारी जिला क्रिडा अधिकारी घनश्याम करोले ने माना।

न्यूज इन बॉक्स

राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में 148 खिलाड़ी ले रहे भाग



इंदौर। मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय शतरंज (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन कटियाल एवं उच्च शिक्षा विभाग, इंदौर संभाग की अतिरिक्त संचालक डॉ. अनामिका जैन की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डॉ. अजय कुमार, डॉ. सुधीर चंदेल, डॉ. निलेश मंडलोई, डॉ. पूनम कौशिक, सौरभ पुरोहित एवं अजय सोनी द्वारा किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 12 विश्वविद्यालयों के दलों से लगभग 148 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग के खिलाड़ी अपनी शतरंज प्रतिभा, रणनीतिक कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं।

फुटबाल स्पर्धा में मेजबान की आसान जीत



इंदौर। गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर में आयोजित 5वीं गोल्डन ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट–2026 के दूसरे दिन भी रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी रहा। अंडर-14 एवं अंडर-17 वर्ग के मैचों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। दिन के प्रमुख मुकाबले में गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल ने वर्ल्ड पीस स्कूल को 4-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश कर लिया। गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल की ओर से पियूष चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल दागे और टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अन्य मुकाबलों में श्री श्री रविशंकर स्कूल ने एल.जी. एकेडमी को 2-0 से हराया। एकायना स्कूल ने श्री साईं एकेडमी को 1-0 से पराजित किया। सेंट नॉर्बर्ट स्कूल ने माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल को 3-1 से मात दी।

आईपीएससी क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान का दमदार प्रदर्शन

इंदौर। ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-19 बालक वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मेजबान एमरल्ड हाइट्स ने वल्लभ आश्रम स्कूल, वडोदरा को 4 विकेट से हराया, जबकि मॉडर्न स्कूल, दिल्ली ने पीपीएस नाभा, पंजाब के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में वाईपीएस मोहाली और आर.के.सी. राजकोट ने भी जीत हासिल की।



मेजबान द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए वल्लभ आश्रम स्कूल, वडोदरा को 102 रनों पर रोक दिया। वल्लभ आश्रम की ओर से ऋषि पटेल ने 26 रन बनाए। एमरल्ड हाइट्स के काव्य पापरिया ने 3 विकेट, जबकि विजय वैद्य ने 2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमरल्ड हाइट्स ने 6 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। दिव्य वैद्य ने नाबाद 51 रन और इशान महाजन ने 15 रन बनाए।

अनय एवं सौम्य की शतकीय पारी से देव्ज एकेडमी की शानदार जीत





इंदौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-22 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत देव्ज एकेडमी एवं श्रीराम स्पोर्ट्स के मध्य मैच खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 83 ओवरो में 6 विकेट खोकर 430 रनों का विशाल स्कोर खडा किया । अनय मिश्रा ने 31 चोके व 4 छक्कों की मदद से शानदार 209 रन एवं सौम्य पाटीदार ने 108 रनों का योगदान दिया।

कार्तिक एवं दिशा को मप्र सॉफ्टबॉल टीम की कमान





इंदौर। शिरडी, कोपरगांव (महाराष्ट्र) में 29 से 31 अक्टूबर में 9वी मिनी सबजूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली मध्यप्रदेश बालक एवं बालिका टीम की घोषणा मध्यप्रदेश सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला ने की। बालक वर्ग में कार्तिक मांजरेकर (कप्तान), शेखर , मोहमद असद, सक्षम गंगवार, नैतिक पंवार , मृत्युंजय कुशवाह, उदयन पंवार, युवराज राठौर, माधव खंडेलवाल, दक्ष बागड़े , रुद्रांश पंवार, गौतम कलभार, अद्विक उपाध्याय, मानवीर गुर्जर, आयुग गुर्जर, रोमित मेहरा, रक्षित पाल, प्रशांत कुशवाह। **कोच :-** सुबोध चौरसिया, प्रवीण दवे, मैनेजर सोहेल खान। बालिका वर्ग में दिशा जरिया (कप्तान), लक्ष्मी यादव, सिद्धि जरिया, आरोही वर्मा, अंजली गौड, रिदा खान, हर्षिता राठौर, आराध्या चौधरी, परिधि राठौर, अन्वी पांचाल, त्रिशा पाटिल , योग्यता बुवाडे , भक्ति शर्मा, प्रिया चौधरी, रीत डारेकर , कोच - सविता पारखे, राहुल ठाकुर , मैनेजर - वैष्णवी चौहान

राज्यस्तरीय शालेय योगासन में रामकृष्ण मिशन के छात्रों को सुयश

इन्दौर। बालाघाट में आयोजित राज्यस्तरीय शालेय योगासन प्रतियोगिता में म.प्र. के दस संभागों ने भाग लिया । जिसमें इन्दौर संभाग ने ओवर ऑल चैम्पियनशिप विजेता रहा। इन्दौर संभाग से रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ के छात्रों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने आयु वर्ग में स्वयं सिंह बघेल ने आर्टिस्ट सिंगल में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इसी तरह अतुल बोरासी, बिक्की बोरासी, प्रतीम पहाडी, लक्ष्य चड़ोकर ने आर्टिस्ट पेयर में म.प्र. में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया।



ऋषभ मौर्य, प्रीतम पहाडी ने रिदमिक पेयर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हॉसिल करने पर रामकृष्ण मिशन इन्दौर के सचिव, स्वामी निर्विकारानन्द महाराज व स्वामी महातीर्थानन्द महाराज व विद्यालय के प्राचार्य श्री विरेन्द्र सिंह जादौन, इन्चार्ज श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव, श्रीमती शिवानी रेगे, योग प्रशिक्षक श्री शिववीर सिंह तोमर, श्री स्वप्निल बोरासी एवं विद्यालयीन परिवार आदि ने विजेता छात्रों बधाई प्रेषित की।

चिमनबाग खेल मैदान पर पटाखों की दुकान लगाने से खेल संघ मे भारी रोष

इंदौर। दीपावली पर्व पर चिमनबाग खेल मैदान पर पटाखो की दुकान लगाई जाने से विभिन्न खेलों के हजारों खिलाड़ी व खेल संघ मे भारी रोष है। चिमनबाग खेल परिषद के सचिव किशोर शुक्ला, विश्वास खेर ने कहा की जिला प्रशासन द्वार दीपावली पर्व पर प्रतिवर्ष नगर निगम द्वार मटन मार्केट शांति पथ मेन रोड पर संचालित की जाने वाली पटाखो की दुकानो को विगत वर्ष से चिमनबाग खेल मैदान पर स्थानांतरित कर संचालित किया जा रहा है। पटाखों को दुकान लगाई जाने से चिमनबाग खेल मैदान पर विभिन्न खेलों के हजारों खिलाडियो को नियमित अभ्यास करने पर बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पहली बार एक ही वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत की दो बेटियों ने जीता मेडल

अस्ताना। कजाकिस्तान में खेली जा रही विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने इतिहास रच दिया है। बुधवार को भारत की काजल ढोचक्र और नीलम सिरोही ने अपने-अपने भारवर्ग के फाइनल मुकाबलों में जगह बनाकर इतिहास रचा। हालांकि, दोनों पहलवानों को फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह पहला मौका है जब किसी एक ही विश्व चैंपियनशिप में दो भारतीय महिला पहलवानों ने फाइनल तक का सफर तय किया हो।

काजल और नीलम ने हासिल किया सिल्वर

आखिरी 30 सेकेंड में फिसला गोल्ड, फिर भी बनाया बड़ा रिकॉर्ड

76 किग्रा हैवीवेट कैटेगरी के फाइनल में 18 साल की काजल ढोचक्र का मुकाबला यूक्रेन की एनास्तासिया अल्पीयेवा से हुआ। मैच बेहद रोमांचक मोड़ पर था और मुकाबला 4-4 से बराबर चल रहा था, लेकिन खेल खत्म होने से महज 30 सेकेंड पहले काजल 4 अंक गंवा बैठीं और 6-8 से मुकाबला हार गईं।

50 किग्रा वर्ग में जापानी दिग्गज से मिली चुनौती, हासिल किया सिल्वर

50 किग्रा कैटेगरी के फाइनल में 26 साल की नीलम सिरोही का सामना जापान की चार बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता युई सुसाकी से हुआ। कड़े मुकाबले में नीलम 0-5 से पिछड़ने के बाद 'बाय फॉल' (चित होकर) मुकाबला हार गईं और उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। उत्तर प्रदेश के मथुरा की रहने वाली और दिल्ली के नजफगढ़ स्टेडियम में ट्रेनिंग लेने वाली नीलम के लिए यह मेडल बेहद खास है। उन्होंने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की जेनेप बायानोवा को 7-3 से हराकर पहली बार सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई थी।

चोरी में दो साल से फरार बदमाश साथी सहित गिरफ्तार

अपहरण केस में भुगत रहे थे आजीवन कारावास की सजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में फरार और इनामी अपराधियों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में लसूडिया थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी के तीन अलग-अलग मामलों में पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे एक शातिर बदमाश को उसके साथी के साथ गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी धार जिले के बदनावर थाने के एक अपहरण केस में न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद से फरार चल रहे थे।

पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम शैलेंद्र उर्फ पिंटू पिता बाबूलाल सोलंकी, निवासी बापट चौराहा के पास और दूसरे ने अपना नाम नवदीप उर्फ राजकुमार पिता जगदीश सिंह परिहार, निवासी कृष्ण विहार कॉलोनी, छोटा



बांगड़दा बताया।जांच करने पर पता चला कि आरोपी शैलेंद्र सोलंकी लसूडिया थाने में दर्ज चोरी के 3 मामलों में विगत दो साल से फरार चल रहा था। वहीं नवदीप परिहार पर भी इंदौर के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जब आसपास के थानों और जिलों से रिकॉर्ड खंगाला गया, तो एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ। दोनों आरोपी धार जिले के बदनावर थाने में दर्ज गंभीर धाराओं 363, 364ए, 323, 294, 506, 34 भादवि - अपहरण व मारपीट के तहत न्यायालय से आजीवन कारावास की सजा पा चुके हैं और सजा सुनाए जाने के बाद से ही पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। लसूडिया पुलिस ने चोरी के मामलों में आरोपी शैलेंद्र सोलंकी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है, जिससे अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। वहीं आजीवन कारावास की सजा काट रहे दूसरे आरोपी नवदीप उर्फ राजकुमार परिहार को विधिवत कार्रवाई के लिए बदनावर जिला धार पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

लगातार दूसरे दिन पुलिस ने पकड़ा हथियारबाज बदमाश

हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में रहा है संलिप्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।



छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने लगातार दूसरे दिन एक और खतरनाक बदमाश को धर दबोचा है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक लंबा और धारदार तड़तड़ीदार चाकू बरामद किया है। खास बात यह है कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराध भी दर्ज हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी द्वारा स्पेशल क्राइम यूनिट की टीम को क्षेत्र में सरप्राइज चेकिंग के लिए रवाना किया गया था। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि शैडो एरिया स्थित वैद्य ख्यालीराम के बगीचे के खाली मैदान में एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियार लेकर घूम रहा है।मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर संदेही को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आनंद उर्फ बाबू पिता प्रकाश इंगले, निवासी भीमनगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक लंबा, धारदार और नुकीला तड़तड़ीदार चाकू मिला। जांच में सामने आया कि आरोपी आनंद उर्फ बाबू इंगले के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज हैं, जिनमें हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं। छत्रीपुरा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है और मामले की विवेचना की जा रही है। इस सराहनीय कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में एएसआई दीपेश गोराना, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र पाठक, आरक्षक अरुण चौहान, आरक्षक भूपेंद्र सिंह और आरक्षक धर्मेंद्र सिंह सोनगरा की अहम भूमिका रही।

दो पक्षों में पथराव और खूनी संघर्ष

कवरेज और वीडियोग्राफी को लेकर विवाद में जान से मारने की धमकी भी, दोनों पक्ष पर पुलिस कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चंदन नगर थाना क्षेत्र की खिजरा पार्क कॉलोनी में आपसी विवाद और वीडियोग्राफी की बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर पत्थरबाजी करने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर काउंटर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार एक पक्ष से फरियादी मोहम्मद जावेद पिता आसिफ पठान, निवासी खिजरा पार्क कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वे अपने घर पर मौजूद थे, तभी मोहल्ले के रियाज, इरशाद उर्फ इशु और दिलशाद वहां आए और आरोप लगाया कि तूने पत्रकार को बुलाकर हमारी कवरेज करवाई है। जावेद द्वारा इनकार करने पर आरोपी भड़क गए और अद्यश्र भाषा में गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी रियाज ने पत्थर उठाकर मारा, जो जावेद की दाहिने आंख के नीचे लगा, जिससे गंभीर चोट आई। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि यदि आइंदा उनके खिलाफ कोई कवरेज करवाई, तो जान से खत्म कर देंगे।

वहीं, दूसरे पक्ष से इरशाद उर्फ इशु पिता रियाज खान, निवासी खिजरा पार्क कॉलोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती शाम करीब 5:30 बजे मोहम्मद जावेद उर्फ गोलू उनके घर के पास आकर वीडियोग्राफी कर रहा था। जब इरशाद ने वहां वीडियोग्राफी करने का कारण पूछा और ऐतराज जताया, तो जावेद गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर जावेद ने पत्थर उठाकर मारा, जिससे इरशाद के सिर में चोट आई और खून बहने लगा। बीच-बचाव करने आए साजिया और इम्तियाज के साथ भी आरोपी ने हुड़दंग किया और धमकी दी कि यदि आइंदा वीडियोग्राफी करने से रोका, तो जान से खत्म कर दूंगा।


मौत

मिनी ट्रक में रस्सी टूटने से लोहे की डाई के बीच फंसा मजदूर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में गंभीर घटना सामने आई हैं। घटना बायपास पर हुई, जहां वाहन में अचानक ब्रेक लगने से डाई खिसक जाने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, हादसा तेजाजी नगर क्षेत्र में कैलोद फाटा के पास बायपास पर हुआ। मृतक रामगोपाल पिता गजराज सिंह निवासी गंजबासौदा, विदिशा मिनी ट्रक एचआर 73 बी 3371 में पीछे रखी लोहे की भारी डाई के पास बैठा था। सफर के दौरान चालक अजय राजपूत निवासी भोपाल ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे रस्सियां टूट गईं और भारी डाई आगे की तरफ सरक गई। रामगोपाल वाहन की बॉडी और डाई के बीच बुरी तरह फंस गया। चालक व आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तेजाजी नगर पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।